हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026


हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**
Hero
हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...
दशहरे की शुभकामनाएँ
GLAMOUR X
Destini
सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@
कैश डिस्काउंट ₹2500~ तक
एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक
SBI card HDFC BANK pine labs
कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on: Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलर:** रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, घरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, मुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपिनार- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुहकुदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़िहारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

Cheil 33547/26

कैंसर-डायबिटीज समेत कई बीमारियों की दवाइयों का निर्यात होगा आसान, कंपनियों को होगी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने कैंसर, डायबिटीज समेत कई बीमारियों की दवाओं के निर्यात के नियम आसान किए हैं। नई व्यवस्था के तहत पहले से मंजूर कुछ दवाओं को विदेश में अलग ब्रांड नाम से बेचने के लिए नया अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं लेना होगा। इससे दवा कंपनियों को राहत मिलेगी। बता दें कि कैंसर, डायबिटीज और दूसरी गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई आधुनिक दवाएं तैयार करने में जैव तकनीक की मदद ली जाती है। ऐसी दवाओं को बनाने की प्रक्रिया में वैज्ञानिक किसी जीव की कोशिकाओं में खास आनुवंशिक निर्देश डालकर उनसे जरूरी प्रोटीन तैयार करवाते हैं। इसी तकनीक से बनने वाली दवाओं को आर-डीएनए दवाएं कहा जाता है। अब ऐसी दवाओं को विदेश भेजने की प्रक्रिया कुछ दवा कंपनियों के लिए आसान हो सकती है। ऐसी स्थिति में अगर अंतर सिर्फ विदेश में बेचे जाने वाले ब्रांड नाम का है, तो अलग निर्यात एनओसी की जरूरत नहीं होगी। कंपनी को इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिये राज्य औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरण में आवेदन करना होगा। वहीं, जिन मामलों में ये शर्तें पूरी नहीं होंगी, उनमें पहले की तरह सीडीएससीओ से मात्रा के हिसाब से निर्यात एनओसी लेना जरूरी रहेगा।

निर्यात के नियमों में ढील



विदेश में बिक्री के लिए कुछ शर्तें करना होंगी पूरी

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने साफ किया है कि अगर किसी दवा को भारत में पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और कंपनी उसे विदेश में सिर्फ दूसरे ब्रांड नाम से बेचना चाहती है, तो कुछ शर्तें पूरी होने पर अलग से निर्यात अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेने की जरूरत नहीं होगी। इससे कंपनियों को दोबारा कागजी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा और निर्यात की तैयारी में लगने वाला समय और प्रशासनिक काम कम हो सकता है।

कब नहीं लेना होगा अलग एनओसी? : सीडीएससीओ के मुताबिक, यह छूट हर दवा या हर निर्यात पर लागू नहीं होगी। इसका लाभ तभी मिलेगा, जब कंपनी के पास संबंधित दवा के लिए पहले से वैध मंजूरी हो और विदेश भेजे जाने वाले उत्पाद में कोई वास्तविक बदलाव न किया गया हो। दवा की संरचना, गुणवत्ता के मानक, ताकत, इस्तेमाल का तरीका, पैकिंग, निर्माण की जगह और बनाने की प्रक्रिया पहले से मंजूर उत्पाद जैसी ही होनी चाहिए।

84% रकम वसूलना टेढ़ी खीर

दवा कंपनियों पर 10 हजार करोड़ का जुर्माना, वसूली सिर्फ 16 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दवाओं की अधिक कीमत वसूलने के मामलों में 31 मार्च 2026 तक केंद्र सरकार ने कंपनियों पर 10,029 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, लेकिन केवल 1,582.4 करोड़ रुपये ही वसूल सकी। करीब 84 फीसदी रकम अब भी बकाया है। सिप्ला समेत कई बड़ी कंपनियों के मामले अदालतों और सरकारी प्रक्रियाओं में फंसे हैं।



8 हजार 447 करोड़ की वसूली अभी बाकी

केंद्र सरकार के औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के आंकड़े बताते हैं कि 31 मार्च 2026 तक दवा कंपनियों से ज्यादा वसूली के मामलों में 10 हजार 29 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया गया। इसमें से केवल 1,582.4 करोड़ रुपये ही वसूले जा सके हैं। यानी करीब 84 फीसदी यानी 8,447.4 करोड़ रुपये अब भी बाकी हैं।

अदालतों में चुनौती के कारण फंसी बड़ी रकम

सबसे बड़ी परेशानी यह है कि कार्रवाई होने के बाद कंपनियां कई मामलों को अदालत में चुनौती दे देती हैं। इसके चलते सरकार की ओर से तय की गई बड़ी रकम वर्षों तक वसूली में अटकी रहती है। आंकड़ों के मुताबिक 5,872.6 करोड़ रुपये की रकम ऐसे मामलों में फंसी है, जिन्हें कंपनियों ने अदालत में चुनौती दी है या जो वसूली अधिकारी के स्तर पर विवादित हैं।

5,872 करोड़ अदालत में, 2,369 करोड़ रुपए प्रक्रिया में

बकाया रकम में सबसे बड़ा हिस्सा मुकदमेबाजी में फंसा है। करीब 5,872.6 करोड़ रुपये ऐसे मामलों में हैं जिन्हें कंपनियों ने चुनौती दी है या जो वसूली की कानूनी प्रक्रिया में विवादित हैं। इसके अलावा 2,369.3 करोड़ रुपये ज्यादा वसूली के मामलों की प्रक्रिया में लंबित हैं। करीब 200 करोड़ रुपये वसूली अधिकारी के पास और 5.5 करोड़ रुपये बीआईएफआर या आधिकारिक परिसमापक के पास अटके हैं।

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति मुर्मू ने दुर्गा पूजा की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते



हुए रविवार को कहा कि यह त्योहार नारी शक्ति के सम्मान की हमारी परंपरा को दर्शाता है। उन्होंने देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि देवी दुर्गा के प्रति सच्ची भक्ति तभी व्यक्त की जा सकती है, जब व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

असम में सात करोड़ याबा गोलियां बरामद

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में साढ़े सात करोड़ रुपये मूल्य की 30,000 प्रतिबंधित



'याबा' गोलियां बरामद कर इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल द्वारा शनिवार रात अमीनगांव इलाके में की गई। एसटीएफ ने बीती रात अमीनगांव में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को रोका, जो निचले असम की ओर 30,000 याबा गोलियां ले जा रहा था।

राजस्थान में प्रदर्शनकारी 10 किसान हिरासत में

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सिंचाई के लिए पानी और नहर में पानी छोड़ने की व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों को



रविवार शाम बिरधवाल हेड से करीब दो किलोमीटर पहले रोक दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले किसानों ने कई जगह पुलिस द्वारा लगाये गये अवरोधकों को हटाकर सड़क पर खड़े ट्रकों को आगे बढ़ने का प्रयास किया।

ट्रंप की चेतावनी ठेंगे पर, मॉस्को पर अब तक का सबसे बड़ा हमला

यूक्रेन ने रूस के तेल अड्डे पर बरसाए 1,200 से अधिक ड्रोन, रूस ने उड़ाए 15 बिजलीघर

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी को दरकिनार करते हुए यूक्रेन ने रूस पर 1,000 से अधिक ड्रोन दागे हैं। रूसी अधिकारियों के हवाले से एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में मॉस्को को भी निशाना बनाया गया और इसे राजधानी पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक बताया गया है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब रूस में संसदीय चुनाव का तीसरा और अंतिम दिन चल रहा था। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने इसे राजधानी पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया।

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि हमले में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन के मुताबिक, हमलों का निशाना तेल और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सुविधाएं थीं। जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों का उद्देश्य रूस की युद्ध मशीन को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाना है। इस बीच यूक्रेन ने पूर्वी यूक्रेन के डोब्रोपीलिया शहर पर रूस के कब्जे के दावे को खारिज किया है। कहा है कि डोब्रोपीलिया पर हमारा नियंत्रण बना हुआ है, वहां पर भीषण लड़ाई जारी है।



ड्रोन हमले में 2 लोगों की मौत, 20 घायल

मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव के अनुसार, ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हुई और 20 लोग घायल हुए। मृतकों में 74 वर्षीय एक व्यक्ति और 44 वर्षीय एक महिला शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि हमले में यूक्रेन में निर्मित फ्लेमिंगो और पेलिकन मिसाइलों समेत विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन से एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की अपील की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी ट्रंप ने कहा था कि वह रूस के तेल ठिकानों पर हमला न करें लेकिन जेलेंस्की ने उनकी एक न सुनी। ये यूक्रेन और अमेरिका के रिश्तों में भी तनाव बढ़ रहा है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, हमलों में एक व्यक्ति की मौत हुई और पांच अन्य घायल हो गए।

रूस ने रातभर में 1,015 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि शनिवार रात से रविवार तक देश के अलग-अलग इलाकों में यूक्रेन के 1,015 ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, हमले का एक प्रमुख निशाना सेंट पीटर्सबर्ग ऑयल टर्मिनल था। रिपोर्ट के मुताबिक यह टर्मिनल हर साल 1.25 करोड़ टन तक तेल संभालने की क्षमता रखता है।

रूस ने यूक्रेन पर 76 हमले किए

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रविवार को एक्स पर दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर से ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की घोषणा के बाद से रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा, तेल और गैस क्षेत्रों पर 76 बार हमले किए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस प्रतिबंधों में राहत या समझौतों के जवाब में कोई वैसा कदम नहीं उठा रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह तक के 24 घंटों में रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में यूक्रेन में 11 लोगों की मौत हुई और करीब 50 लोग घायल हुए।

यूक्रेन के 15 बिजलीघरों पर रूस का हमला

यूक्रेन में ठंड के मौसम की शुरुआत होने के साथ ही ऊर्जा संयंत्रों पर रूसी हमले बढ़ गए हैं। शनिवार को भी रूस ने 15 से ज्यादा बिजलीघरों और गैस स्टेशनों को हवाई हमलों में निशाना बनाया। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी हमलों के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं और ऊर्जा संयंत्रों की मरम्मत का कार्य तेज कर दिया गया है।

खाद्यान्न निर्यात के लिए यूक्रेन ने मांगी मदद

इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पड़ोसी देशों- पोलैंड, रोमानिया, स्लोवाकिया और हंगरी से खाद्यान्न निर्यात में मदद करने का अनुरोध किया है। यूक्रेन विश्व में गेहूं, मक्का और सूरजमुखी के बीजों का बड़ा निर्यातक है। उसका 90 प्रतिशत निर्यात काला सागर के जरिये होता था लेकिन रूस के हमलों के चलते अब वहां से निर्यात बहुत मुश्किल हो गया है। इसी के चलते जेलेंस्की ने सड़क मार्ग से जुड़े पड़ोसी देशों से निर्यात में मदद मांगी है। हंगरी के प्रधानमंत्री पीटर मैग्येर ने इसमें मदद का आश्वासन दे दिया है।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

कुकी समुदाय के 15 घर फूंके, गोलीबारी में 1 मृत, चार घायल



एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में हिंसा की एक और घटना सामने आई है। कामजोंग जिले के चासाद गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों में आग लगा दी। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर जंगलों और पास के सेना शिविर में शरण लेनी पड़ी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

एक अलग घटना में कामजोंग जिला मुख्यालय में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के हमले में तांगखुल नागा समुदाय के तीन नागरिकों को गोली लगी। इससे पहले शनिवार को गांव पर हुई गोलीबारी में एक कुकी नागरिक की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात संदिग्ध उग्रवादियों ने चासाद गांव पर हमला किया और कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद गांव में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

असम राइफल्स, बीएसएफ और पुलिस तैनात

मणिपुर पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रित करने के लिए असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल और कामजोंग पुलिस की संयुक्त टुकड़ी तैनात की गई है। सुरक्षा बलों का उद्देश्य इलाके में शांति बहाल करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों के मुताबिक, हालात पर नजर रखी जा रही है।

'गोवा में बोले राहुल- कांग्रेस संविधान की रक्षक, ज्ञानेश कुमार बच नहीं पाएंगे...'

एजेंसी ▶▶| पणजी

गोवा के मडगांव में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनावी व्यवस्था और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को संविधान का रक्षक बताया और कहा कि ज्ञानेश कुमार, गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि वे कांग्रेस से बच नहीं पाएंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि वोट चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय का सामना करना होगा। राहुल गांधी जिस यात्रा में शामिल हुए, वह 22 सितंबर को शुरू हुई थी और 18 अक्टूबर को खत्म हुई। 27 दिन चली इस यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस नेता यूरी अलेमाओ और गिरीश चोडनकर कर रहे थे। यात्रा गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों से होकर गुजरी।



'वोट चोरी' के जिम्मेदारों को कीमत चुकानी होगी

इस दौरान, राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरी' को लागू करते हैं, जबकि अमित शाह और पीएम मोदी इसमें उनका साथ देते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस संविधान की रक्षक है. प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ज्ञानेश कुमार को पता है कि वे कांग्रेस से बच नहीं पाएंगे। उनका कहना है कि,वोट चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय का सामना करना होगा और इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

बीजेपी का राहुल गांधी पर पलटवार

वहीं भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को संविधान का रक्षक नहीं, बल्कि भक्षक बताया। उन्होंने कहा कि देश में लगा आपातकाल इसकी जीती-जागती मिसाल है। मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए केवल गांधी परिवार ही संविधान है। मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी देश के सामने गलत जानकारियां रखकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन देशवासी उनकी हकीकत को जानते हैं।

दुर्गा पंडाल में सेल्फी...



गुरुग्राम। दुर्गा पंडाल में पूजन-अर्चन के बाद सेल्फी लेती हुईं महिलाएं।

बच्चे को टक्कर लगने पर युवक की हत्या

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मोटरसाइकिल से एक बच्चे को टक्कर लगने के बाद करीब 15 लोगों ने एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद भीड़ ने एक दलित बस्ती में उत्पात मचाया और नौ मकानों में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम चैनपुर चौक के पास एक बच्चे को मोटरसाइकिल से टक्कर लगने के बाद मोहम्मदपुर खाजे गांव निवासी नवनीत कुमार की लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि पास के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने नवनीत को मृत घोषित कर दिया। मुजफ्फरपुर (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि नवनीत के परिवार ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसे लाठियों से पीटा और बेल्ट से गला घोंट दिया।

जंबो सवारी में अभिमन्यु की जगह अब प्रशांत मुख्य हाथी की भूमिका निभाएगा

अभिमन्यु का आखिरी दशहरा : 26 साल तक 750 किलो सोने का हौदा उठाकर चला

एजेंसी ▶▶| मैसूर

विश्वप्रसिद्ध मैसूर दशहरा में इस बार 'जंबो सवारी' में 61 साल का हाथी 'अभिमन्यु' आखिरी बार नजर आएगा। अभिमन्यु 26 साल से शाही यात्रा का हिस्सा रहा है। वह 2000 से लगातार 750 किलो का सोने का हौदा उठाकर मां चामुंडेश्वरी यात्रा की अगुवाई करता आया है। डीसीएफ डॉ. आईबी प्रभु गौड़ा बताते हैं कि नियमों के अनुरूप अभिमन्यु पिछले साल रिटायर हो चुका है। मैसूर के लोगों के आग्रह पर उसे विदाई जुलूस की अगुवाई की अनुमति दी है। इसलिए अभिमन्यु को लेकर पैलेस के साथ पूरा मैसूर भावुक है। इसके बाद उसे मथिगोडु हाथी शिविर भेज देंगे।

नए हाथियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

इस बीच, 21 अक्टूबर तक चलने वाले मैसूर दशहरा उत्सव के समापन समारोह के लिए नए हाथियों को रेत की बोरियों और लकड़ी के हौदे से अभ्यास करा जा रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि इस साल मैसूरु दशहरा में कंबाला और तुलुनाडु की झांकी शामिल होगी। हौदा हाथी की पीठ पर रखा जाने वाला खास आसन या पालकीनुमा ढांचा होता है। मैसूर दशहरा में इसी पर देवी चामुंडेश्वरी की प्रतिमा रखकर भव्य जुलूस निकाला जाता है।



हाथी अभिमन्यु इतना खास क्यों

14 की उम्र से वन विभाग में सेवा दे रहा अभिमन्यु कर्नाटक का सबसे शक्तिशाली 'कुमकी' (जंगली हाथियों को काबू करने वाला) हाथी है। सबसे शांत, समझदार और अनुशासित, इसलिए कर्नाटक की शान है। 'ऑपरेशन का बादशाह' और 'एके-47' के नाम से मशहूर इस हाथी ने देशभर में 300 से अधिक हिंसक हाथियों और 80 से ज्यादा आदमखोर बाघों-तेंदुओं को पकड़वाने में मदद की।

केयरटेकर्स की आंखें नम

तीन दशक से हौदा संभाल रहे अकरम, भोजन प्रभारी रंगराज और महावत वसंता के लिए ये विदाई आंखें नम करने वाली है। वसंता के पिता अभिमन्यु के महावत रह चुके हैं। अब वे मथिगोडु कैंप में भी उसकी देखभाल करेंगे। अभिमन्यु पर तीन किताबें लिख चुके 'विजय कर्नाटक' के संपादक रमेश उथप्पा ने उसकी विदाई के लिए भावुक गीत लिखा है, जो उसी दिन बजेगा।

हाथियों को मिलती है 8 घंटे पकी स्पेशल खिचड़ी

दशहरे के हाथियों को कोई दवा नहीं दी जाती, बल्कि उनका स्पेशल भोजन हरे व लाल चने, चावल, नमक और प्याज डालकर 8 घंटे तक पकाया जाता है। फिर इसे ताजी कच्ची सब्जियां व फल मिलाकर परोसा जाता है। अभिमन्यु के बाद अब 750 किलो का सोने का हौदा उठाने के लिए धनंजय और प्रशांत नाम के शक्तिशाली हाथियों का ट्रेनिंग ट्रायल चल रहा है। आमतौर पर जुलूस में 14 हाथी होते हैं, लेकिन इस बार अभिमन्यु को मिलाकर 13 हाथी जंबो सवारी का हिस्सा बनेंगे।

ऐतिहासिकः महिला अफसर को शाही यात्रा की कमान

मैसूर दशहरा के इतिहास में पहली बार किसी महिला रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर यशमा माचम्मा को हाथियों की टीम और पूरे उत्सव की तैयारियों की कमान मिली है। वे अभिमन्यु और पूरी गजसेना की मैसूर पैलेस में अगवानी करेंगी। माचम्मा कहती हैं कि मैसूर में महिला रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर पहले भी रह चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है जब दशहरा उत्सव में किसी महिला को जिम्मेदारी मिली है।

हाईकोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

तमिलनाडु में आरएसएस पथ संचलन को मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 25 अक्टूबर और एक नवंबर को तमिलनाडु में 128 स्थानों पर पथ संचलन की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने अनुमति देने बार-बार इनकार करने के लिए पुलिस को फटकार लगाई। पुलिस बार-बार उन्हीं आधारों पर अनुमति देने से इनकार कर रही थी, जिन्हें कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका था।

पुलिस ने नहीं दी थी अनुमति

इस मामले को लेकर आरएसएस ने याचिका दायर की थी। आरएसएस ने पुलिस के उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनमें विजयदशमी समारोह के तहत संगठन के वार्षिक पथ संचलन और सार्वजनिक सभाओं के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। आरएसएस ने 18 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और एक नवंबर को पथ संचलन अनुमति मांगी थी।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026





25 गेंदों में शेफाली ने ठोके 55 रन, स्मृति मंधाना ने 47 रन की नाबाद पारी खेली

हरिभूमि-आईएनएच के रास गरबा, भजन डांडिया में शामिल हुए सीएम साय, कश्यप

दंतेश्वरी माता की कृपा से नक्सलमुक्त बना प्रदेश, सब मिलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेरीखेड़ी स्थित ललित महल में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया के दूसरे दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री ने नवरात्रि और महाष्टमी की शुभकामाएं दीं। श्री साय ने प्रदेशवासियों से कहा कि दंतेश्वरी माता की कृपा से हमारा प्रदेश नक्सलमुक्त हुआ है। अब ⏭शेष पेज 5 पर



दंडकारण्य से लौटे तब मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए भगवान श्रीराम

आयोजन में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य के वन में वनवास का समय बिताकर श्रीराम अयोध्या लौटे, तब वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम कहलाए। ऐसी पावन धरा है ⏭शेष पेज 5 पर

रायपुर में शेफाली का तूफान, 25 गेंदों में फिफ्टी जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को खेले गए भारत और जिम्बाब्वे महिला टी-20 मुकाबले में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 102 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने आक्रामक ⏭शेष पेज 5 पर



दिखा क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह

मुकाबले के दौरान दर्शकों में भी खासा उत्साह नजर आया। चौकों-छक्कों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी ने ⏭शेष पेज 5 पर

शेफाली की तूफानी फिफ्टी

103 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना ने तेज शुरुआत दिलाई। शेफाली ने महज 25 गेंदों में 55 रन ठोक दिए। उनकी पारी ⏭शेष पेज 5 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹110527/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹134990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹147354/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur

कोलकाता के बाद ग्वालियर में बड़ा हादसा, मुआवजे पर सवाल, ग्वालियर में सिर्फ 4 लाख, बंगाल में 25 लाख

एक ही दिन दो बड़े हादसों में भक्तजनों पर टूटा कहर

बेरिकेड तोड़ मंदिर के गेट से टकराया ट्रक 45 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 की मौत

आस्था और श्रद्धा के बीच शनिवार का दिन देश के लिए मातम का दिन बन गया। मप्र के ग्वालियर और प. बंगाल में हुए दो भीषण हादसों ने श्रद्धालुओं की खुशियों को चीख-पुकार और मातम में बदल दिया। ग्वालियर में शनिवार देर रात धान से लदा तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर श्रद्धालुओं को रौंदता हुआ मंदिर की दीवार से जा टकराया। इस दर्दनाक हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मगदड़ ने करीब 19 श्रद्धालुओं की जान ले ली। एक ही दिन में दो बड़े हादसों और 34 मौतों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर/भोपाल

ग्वालियर जिले में शनिवार देर रात नवरात्र की पूजा के लिए मंदिर के बाहर एकत्र हुए श्रद्धालुओं की भीड़ को तेज रफ्तार एक ट्रक ने कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, धान से लदा ट्रक शनिवार देरा रात करीब डेढ़ बजे चिनौर रोड पर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया और मंदिर में दर्शन के इंतजार में खड़े श्रद्धालुओं और सड़क किनारे स्थित दुकानों को टक्कर मारने के बाद शीतला माता मंदिर के प्रवेश द्वार से जा टकराया। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मंदिर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया और कई लोग मलबे में दब गए। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने के प्रयास में वाहन को बाईं ओर मोड़ दिया लेकिन अगर ट्रक सीधे आगे बढ़ता तो 600 से 700 श्रद्धालु इसकी चपेट में आ सकते थे। यह हादसा ग्वालियर शहर ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

जांच के आदेश पुलिस पर एक्शन

मुख्यमंत्री ने हादसे की जांच के आदेश देते हुए ग्वालियर के नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) को हटाने और आठ अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में ट्रक के प्रवेश के कारण यह हादसा हुआ, साथ ही जिला प्रशासन को तथ्यों के आधार पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि तीन थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों को भी निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पीड़ितों को मुआवजा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपए और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान सतेंद्र सिंह गुर्जर (22), सरला तोमर (50), गौरव परिहार (18), महेश शर्मा (45), विमलेश बघेल (18), देवेश बघेल (17), छोटू जाटव (16), शौर्य शर्मा (16), हेमंत राठौर (19), दिव्यांश कुशवाह (17), पवन राठौर (23), लव त्यागी (15), अमन त्यागी (13), अशोक त्यागी (45) और नितेश (18) के रूप में हुई है।

कोलकाता में 19 मौतें, मृतक के परिजनों को देंगे 25-25 लाख

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि सरकार दुर्गा पूजा पंडालों में वीआईपी प्रवेश द्वार बनाने की परंपरा खत्म करने को अनिवार्य कर सकती है। उत्तरी कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम बारिश के बीच अचानक भीड़ बढ़ने से भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। शुभेंदु ने कहा कि वह भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों से 20 और 21 अक्टूबर को मुलाकात करेंगे, उन्हें सांत्वना देंगे और 25-25 लाख रुपए की मुआवजा राशि के चेक सौंपेंगे। इलाज करा रहे 25 लोगों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, इनमें से 23 को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना है। दो घायल अब भी आईसीयू में हैं।



घायलों से मिलने पहुंचे शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता के कालीघाट में दुर्गा मंदिर में दर्शन के बाद चोरबागान दुर्गा पंडाल हादसे के पीड़ितों से मिलने अपोलो अस्पताल पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। चोरबागान दुर्गा पंडाल में मची भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले अमित शाह ने कालीघाट स्थित दुर्गा मंदिर में दर्शन किए।

बड़ा सवाल

मौत का दर्द एक जैसा फिर सरकारी मदद में भेदभाव क्यों?

आस्था के उत्सव के बीच दो राज्यों में हुए दर्दनाक हादसों ने 34 श्रद्धालुओं की जान ले ली। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भगदड़ ने 19 लोगों को मौत की नींद सुला दिया, तो मध्यप्रदेश के ग्वालियर में बेकाबू ट्रक ने 15 श्रद्धालुओं की जिंदगी छीन ली। दोनों हादसों में दर्जनों परिवारों की खुशियां मातम में बदल गईं। लेकिन इन त्रासदियों के बीच एक बड़ा सवाल सरकारी संवेदनशीलता और मुआवजे की नीति को लेकर भी खड़ा होता है। आखिर दो राज्यों में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को मिलने वाली आर्थिक सहायता में अंतर क्यों होना चाहिए? क्या इंसान की जिंदगी की कीमत राज्य की सीमाओं और सरकारों की घोषणाओं से तय होगी? हादसा कहीं भी हो, अपनों को खोने का दर्द एक जैसा होता है। ऐसे में मुआवजे की राशि अलग-अलग होना समानता और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसी दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए एक समान, पारदर्शी और सम्मानजनक सहायता नीति बने।

हरिभूमि तत्काल

हरिभूमि-आईएनएच कृषि संवाद 24 को, कृषि मंत्री रामविचार होंगे शामिल



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

कृषि एवं पशु आहार से संबंधित विषयों पर होगी चर्चा



रामविचार नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद ऑडिटोरियम में आगामी 24 अक्टूबर को कृषि संवाद (कृषि सम्मेलन 2026) आयोजित किया जा रहा है। मिल्कियाना, नाबार्ड, एरिज एग्रो लिमिटेड, केएससी टेक्नो प्रा.लि., आईटीएसए हास्पिटल्स, सारदा, तिरूपति, एवीके, एएन आटोमोबाइल एवं आंद्रया ⏭शेष पेज 5 पर

मिल्कियाना पशु आहार, 5 सत्र में होगा सम्मेलन

मिल्कियाना संतुलित पशु आहार द्वारा विवेकानंद ऑडिटोरियम में होने वाला कृषि सम्मेलन 2026 कार्यक्रम 5 सत्र में होगा। 24 अक्टूबर को आयोजित इस सत्र का शुभारंभ कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कृषि सम्मेलन में अलग-अलग सत्र में कृषि एवं पशु आहार से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी।

इस्पात मंत्रालय ने कहा

बीएसपी को बेचने की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने सोशल मीडिया तथा कुछ प्रिंट मीडिया



प्रकाशनों में भि ला ई इस्पात संयंत्र को बेचने की योजना के संबंध में प्रसारित हो रही खबरों को असत्य एवं भ्रामक बताया है। इस्पात मंत्रालय ने अपने आधिकारिक ⏭शेष पेज 5 पर

सेल की प्रमुख इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र

सेल की एक प्रमुख इकाई के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र देश के इस्पात क्षेत्र की प्रगति तथा भारत की औद्योगिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने में निरंतर योगदान दे रहा है।

रात के अंधेरे में भी हाथियों पर नजर

पहली बार थर्मल ड्रोन से निगरानी, कैद हुआ 32 हाथियों का दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों के बीच वन विभाग ने निगरानी का दायरा बढ़ा दिया है। अब हाथियों की तलाश केवल दिन के उजाले में ही नहीं, बल्कि रात के घने अंधेरे में भी की जा रही है। इसके लिए पहली बार थर्मल ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। इसी निगरानी के दौरान उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के दुर्गम पहाड़ी के उपर बसे ओड़ आमामोरा क्षेत्र में 32 हाथियों का विशाल दल कैमरे में कैद हुआ है।

आमामोरा क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी सामने आने के बाद वन विभाग की सतर्कता बढ़ गई है। थर्मल ड्रोन कैमरे की खासियत यह है कि इसके जरिए रात के अंधेरे में भी हाथियों की गतिविधियों ⏭शेष पेज 5 पर

अलग खबर

कई गांवों में हाई अलर्ट

हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए आमामोरा क्षेत्र के कई गांवों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और हाथियों के करीब जाने से बचने की अपील की है। खासकर रात के समय जंगल और हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जाने से बचने को जरूरी बताया गया है। हाथियों के अचानक सामने आने की स्थिति में उनके पास जाने, उन्हें घेरने या भगाने की कोशिश करना खतरनाक हो सकता है।

MARUTI SUZUKI ARENA

CELEBRATE THIS FESTIVE SEASON with CELERIO UTSAV EDITION

EFFECTIVE PRICE ₹4 08 006*





BODY STYLING KIT | INTERIOR STYLING KIT | DESIGNER SEAT COVER | DOOR SILL GUARD | DOOR VISOR WITH CHROME INSERT

ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU!

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

*The effective price for Celerio of ₹4 08 006 has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹35 000, exchange/scrappage bonus of ₹25 000 and ISL/RSL offer of ₹2 100 from the ex-showroom price of ₹4 70 106. The actual effective price mentioned for the vehicle may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offer includes consumer offer, exchange bonus, and ISL/ rural offer (wherever applicable) on select variants. Savings amount mentioned is the value of maximum savings on select variants. Offers may vary from variant to variant and are valid for a limited period. Applicable T&C available at the nearest dealership. Creative Visualization. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images are used for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Accessories and features shown in the pictures may not form part of standard fitment and may vary according to the variants. Above shown offer is valid till 31st October 2026 or till stocks last whichever is earlier.

CELERIO

ओडिशा से छग समेत 5 राज्यों में नेटवर्क, 530 गांजा तस्कर गिरफ्तार

गांजा तस्करी के मामलों में पांच राज्यों से बड़ी संख्या में आरोपियों की गिरफ्तारी का आंकडा पेश करते हुए जिला पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ से 138, ओडिशा से 162, महाराष्ट्र से 103, मध्यप्रदेश से 73 तथा उत्तर प्रदेश से 54 आरोपी गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जांच में सामने आए आंकड़ों के अनुसार जब्त गांजे में से सर्वाधिक 4511 किलोग्राम महाराष्ट्र, 2263 किलोग्राम उत्तर प्रदेश और 1223 किलोग्राम मध्यप्रदेश भेजा जा रहा था। इसके अतिरिक्त 179 किलोग्राम गुजरात, 264 किलोग्राम राजस्थान तथा 30 किलोग्राम हरियाणा के लिए भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।

इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने गांजा तस्करी के उन मार्गों और नेटवर्क पर कार्रवाई की। जिनके जरिए मादक पदार्थों की खेप एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाई जा रही थी। जब्ती के मादक पदार्थों के नष्टीकरण की प्रक्रिया के क्रम में वर्ष 2026 में अब तक 5700 किलोग्राम गांजे का नष्टीकरण किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित कीमत 28 करोड़ रुपये से अधिक है।

वर्ष 2026 में अब तक 5700 किलोग्राम गांजे का किया नष्टीकरण

ओडिशा बना गांजा तस्करी का प्रमुख स्रोत

जांच में जब्त गांजे की खेपों का स्रोत ओडिशा सामने आया है। स्रोत क्षेत्र के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कालाहांडी से 2679 किलोग्राम, कंधमाल से 2153 किलोग्राम, बौद्ध से 1177 किलोग्राम, रायगढ़ा से 950 किलोग्राम, बलांगीर से 791 किलोग्राम तथा सोनपुर से 872 किलोग्राम गांजा संबंधित खेपों में सामने आया है। इसके अलावा देवगढ़ से 281.900 किलोग्राम, नुआपाड़ा से 212.170 किलोग्राम, भुवनेश्वर से 207.710 किलोग्राम, बरगढ़ से 171.788 किलोग्राम तथा अंगुल से 148.495 किलोग्राम गांजे की खेपों का संबंध सामने आया है।



बस, ट्रेन से लेकर एंबुलेंस और बाइक का इस्तेमाल

गांजा तस्करी में तस्करों द्वारा बस, ट्रेन, ट्रक, पिकअप, एंबुलेंस, कोरियर सर्विस के वाहन और मोटरसाइकिल जैसे साधनों का प्रयोग किया गया। इन प्रकरणों में करीब 10 करोड़ कीमत के वाहन भी जब्त हुए हैं। तस्करों द्वारा पुलिस की निगरानी से बचने के लिए गांजे को फलों, कंटेनरों के विशेष चेंबर, सब्जी परिवहन करने वाले वाहनों, पैकर्स एंड मूवर्स के सामान तथा एंबुलेंस में छिपाकर ले जाने जैसी तरकीबें भी अपनाई गईं।

छह माह में 7306 कि.ग्रा. से अधिक गांजा जब्त

आंकड़ों के अनुसार छह माह में 7,306.651 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया। माहवार आंकड़ों में जनवरी में सर्वाधिक 2,099.886 किलोग्राम गांजे की जब्ती दर्ज की गई। थानावार आंकड़ों के अनुसार सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 3,325 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद कोमाखान थाना क्षेत्र में 2,970 किलोग्राम तथा बसना थाना क्षेत्र में 2,683 किलोग्राम गांजे की जब्ती की गई। गांजा तस्करी के अलावा पुलिस ने 1,432 किलोग्राम डोडा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2.14 करोड, को जब्त किया है।

खबर संक्षेप

भालूकोन्हा गांव में घुसा भालू, चार घरों में मचाया उत्पात, दहशत



डौंडीलोहारा। ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम भालूकोन्हा में शनिवार शाम जंगली भालू के गांव के भीतर घुस आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच भालू ने गांव के तीन-चार घरों में घुसकर उत्पात मचा दी। उस समय गांव में सरस्वती उत्सव के अवसर पर जसगीत का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें शामिल होने के लिए कई ग्रामीण घरों से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान भालू बस्ती के भीतर पहुंच गया और घरों में घुसने लगा। राहत की बात यह रही कि भालू ने अब तक किसी ग्रामीण को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार, भालू ने ग्रामीण उमेश साहू के घर से तेल का डिब्बा उठा लिया और जंगल की ओर चला गया। इसके अलावा उसने ग्राम के लीलाधर देहारी, प्रेमबाई और दौवा निषाद के घरों में भी धावा बोला। अचानक घरों के आसपास भालू की मौजूदगी से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए और भालू की गतिविधियों पर नजर रखने लगे।

गौहत्या मामले में मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

राजनांदगांव। गौरीनगर में गोवंश की हत्या कर सिर को शीतला तालाब और निर्माणाधीन अंडरब्रिज के पास फेंकने के मामले में चिखली पुलिस और साइबर सेल ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी एजाज अहमद उर्फ कसाई उर्फ वकील अंसारी को नागपुर से। जबकि खैरून निशा (60) और नसीमा बेगम उर्फ रानी (57) को गौरीनगर से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर अपराध में शामिल होना स्वीकार किया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना के बाद आरोपियों की तलाश के लिए चिखली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम लगातार जुटी हुई थी।

एक आरोपी की दुकान पर चला बुलडोजर



राजनांदगांव। शहर के गौरीनगर में सामने आए गौ-हत्या और गौ-मांस विक्रय से जुड़े मामले को लेकर 11 आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कानूनी कार्रवाई के बाद नगर निगम ने भी आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। निगम के अमले ने आज गौ-हत्या से जुड़े एक आरोपी के अवैध निर्माण को जेसीबी के जरिये नष्ट किया है। गौ-हत्या के मामले को लेकर जनआक्रोश भड़का हुआ है। हिंदू संगठन के साथ ही गौरीनगर निवासियों द्वारा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर प्रदर्शन जारी है।

भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा और बीरगांव में भाजपा-कांग्रेस ने शुरू की रणनीतिक तैयारी

बीरगांव समेत चार निगमों में आरक्षण के बाद दावेदार एक्टिव, अब प्रतीक्षा डुगडुगी बजने की

छत्तीसगढ़ के चार नगर निगमों भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा और बीरगांव में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। दिसंबर में प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने वार्ड स्तर पर राजनीतिक समीकरणों का आकलन शुरू कर दिया है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद पार्षद और महापौर पद के दावेदार अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटे हैं। चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा का इंतजार है।

वार्डों में नए चेहरों को मिल सकता है मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चारों नगर निगमों में चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। चारों नगर निगम में कांग्रेस के महापौर हैं। कांग्रेस के सामने अपने मौजूदा जनाधार को बनाए रखने की चुनौती है, वहीं भाजपा स्थानीय निकायों में अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार कर रही है। दोनों दलों की नजर ऐसे चेहरों पर रहेगी, जिनकी वार्ड में सक्रियता, जनसंपर्क और स्थानीय समस्याओं पर पकड़ हो। चारों नगर निगमों में आरक्षण के बाद चुनावी तैयारी का अगला चरण प्रत्याशी चयन और वार्डवार रणनीति का होगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

खास खबर

भाजपा-कांग्रेस के सामने अलग-अलग चुनौतियां

भाजपा स्थानीय निकायों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए संगठनात्मक सक्रियता और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। वहीं कांग्रेस के सामने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को जनता के सामने रखने और स्थानीय स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाए रखने की चुनौती रहेगी। हालांकि, चुनावी रणनीति केवल पार्टी के नाम पर निर्भर नहीं करेगी। वार्ड स्तर पर प्रत्याशी की छवि, मतदाताओं से संपर्क, स्थानीय समस्याओं का समाधान और संगठन की सक्रियता भी परिणाम को प्रभावित करने वाले होंगे।



बीरगांव में भी चुनावी तैयारी

रायपुर जिले के बीरगांव नगर निगम में भी आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की नजर वार्डवार समीकरणों पर है। प्रत्याशी चयन के दौरान स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों की भूमिका महत्वपूर्ण रहने की संभावना है। वार्डों की आरक्षण श्रेणी के अनुरूप दावेदार अपनी संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं।

रिसाली और भिलाई-चरोदा में भी दावेदार सक्रिय

रिसाली नगर निगम के 40 वार्डों में 8 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, 7 अनुसूचित जाति और 3 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। शेष 22 वार्ड सामान्य श्रेणी में रखे गए हैं। यहां भी आरक्षण के बाद संभावित प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। भिलाई-चरोदा नगर निगम में भी आरक्षण के बाद राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। यहां स्थानीय संगठन, वार्डों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संभावित प्रत्याशियों की सामाजिक स्वीकार्यता टिकट वितरण में महत्वपूर्ण हो सकती है।

भिलाई में आरक्षण से बदले समीकरण

भिलाई नगर निगम के 70 वार्डों में आरक्षण के बाद चुनावी समीकरण बदल गए हैं। उपलब्ध आरक्षण विवरण के अनुसार, 23 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें 8 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए निर्धारित हैं। अनुसूचित जाति के लिए 9 और अनुसूचित जनजाति के लिए 3 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। सामान्य वर्ग के लिए 24 वार्ड रखे गए हैं, जिनमें 11 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आरक्षण के कारण कई मौजूदा पार्षदों को दूसरे वार्डों में संभावनाएं तलाशनी पड़ सकती हैं। वहीं, महिला आरक्षण से नए दावेदारों के लिए अवसर बन सकते हैं। राजनीतिक दलों के सामने अब आरक्षित श्रेणियों के अनुरूप प्रत्याशियों का चयन करने की चुनौती होगी।

20 से शुरू होगी जिप्सी सफारी

4 महीने बाद फिर खुलेंगे कुटुमसर गुफा के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की प्राकृतिक खूबसूरती और भूगर्भीय विरासत का दीदार करने के लिए पर्यटकों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। मानसून के दौरान सुरक्षा कारणों से बंद रखी गई कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की विश्व प्रसिद्ध कुटुमसर गुफा में एक बार फिर पर्यटन गतिविधियां शुरू होने जा रही हैं। लगभग चार महीने के लंबे अंतराल के बाद 20 अक्टूबर से पर्यटक जिप्सी सफारी के जरिए कुटुमसर गुफा तक पहुंच सकेंगे। इस वर्ष पर्यटकों को निर्धारित समय से 12 दिन पहले ही गुफा के दीदार का अवसर मिलेगा। सामान्य तौर पर हर साल एक नवंबर से जिप्सी सफारी शुरू की जाती रही है, लेकिन इस बार मानसून की वर्षा जल्दी समाप्त होने और मौसम की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए उद्यान प्रबंधन ने सफारी सेवा पहले शुरू करने का निर्णय लिया है। दरअसल वर्षा ऋतु के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने 17 जून से 30 सितंबर तक कुटुमसर गुफा को पर्यटन गतिविधियों के लिए बंद रखा था। बारिश के दौरान वन क्षेत्र के रास्तों की स्थिति, प्राकृतिक जलभराव और अन्य संभावित जोखिमों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया था।



सुरक्षा व प्रकृति संरक्षण पर रहेगा जोर

उद्यान प्रबंधन के अनुसार जिप्सी सफारी का संचालन मौसम की स्थिति, मार्ग की उपलब्धता, पर्यटकों की सुरक्षा और वन विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। प्रबंधन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे भ्रमण के दौरान प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता के संरक्षण का विशेष ध्यान रखें।

आस्था का ऐसा धाम जहां भक्तों की मुराद से जुड़ी है मां डोंगर देवी की महिमा

फागूराम सेन ⏭ गिधपुरी

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी के तट पर हरियाली की गोद में विराजमान मां डोंगर देवी मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस मंदिर में माता रानी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां की शांत वातावरण, चारों ओर फैली हरियाली और महानदी का मनोरम तट भक्तों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। क्षेत्र में मां डोंगर देवी के प्रति गहरी श्रद्धा है। मान्यता है कि सच्चे मन से माता रानी की आराधना करने वाले भक्तों पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना के साथ भक्त यहां बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराते हैं।

नवरात्र का पर्व मां डोंगर देवी मंदिर में विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। मंदिर में पहुंचने वाले कई श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां आकर उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। महानदी के तट पर स्थित मंदिर का शांत वातावरण भक्तों को कुछ समय रुककर माता रानी का स्मरण करने के लिए प्रेरित करता है।



सपने में दिए दर्शन और महानदी तट पर प्रकट हुईं माता रानी

मां डोंगर देवी मंदिर की स्थापना से जुड़ी लोककथा आज भी क्षेत्र में श्रद्धा के साथ सुनाई जाती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, पलारी विकासखंड के ग्राम मलपुरी सहित लगभग 80 गांवों के मालगुजार बालकृष्ण अग्रवाल के पास धन-संपत्ति की कमी नहीं थी, लेकिन उन्हें संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। संतान की कामना में वे लगातार पूजा-पाठ करते और विभिन्न मंदिरों में दर्शन के लिए जाते थे। कहते हैं कि एक दिन माता रानी ने उन्हें स्वप्न में दर्शन दिए। लोककथा के अनुसार, माता ने उनसे कहा कि वे इधर-उधर क्यों भटक रहे हैं, जबकि वे स्वयं उनके गांव के समीप महानदी के तट पर जमीन के भीतर विराजमान हैं। माता रानी ने उन्हें उस स्थान की खुदाई कर प्रतिमा को बाहर निकालने के लिए प्रेरित किया और उनकी मनोकामना पूरी होने का आशीर्वाद दिया। सुबह वे ग्रामीणों के साथ महानदी के तट पर पहुंचे। लोकमान्यता के अनुसार, कुछ फीट नीचे खुदाई करने पर माता रानी की प्रतिमा प्राप्त हुई।

हरियाली और महानदी का मनोरम दृश्य बढ़ाता है मंदिर

मां डोंगर देवी मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। चारों ओर फैली हरियाली, महानदी का तट और शांत वातावरण इस स्थान को विशिष्ट बनाते हैं। प्रकृति की गोद में स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ मनमोहक प्राकृतिक वातावरण का अनुभव कराता है। मां डोंगर देवी मंदिर की पहचान यहां की लोककथाओं, पीढ़ियों से चली आ रही मान्यताओं और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था से जुड़ी है। यही कारण है कि भक्त बार-बार माता रानी के दरबार में पहुंचते हैं। किसी के लिए यह मनोकामना का धाम है, तो किसी के लिए विश्वास और मानसिक शांति का केंद्र।

चलती कार में युवतियों का खतरनाक स्टंट, जुर्म दर्ज



कोरबा। नवरात्रि पर्व के दौरान चलती कार पर युवतियों का खतरनाक स्टंट, वीडियो वायरल होते ही पुलिस का एक्शन में आई और कार के चालक व युवतियों के खिलाफ धारा 181, 285, 292, एमवी एक्ट 123, 125, 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया में रील बनाने का शौक लगातार लोगों में बढ़ता जा रहा है। इसके लिए युवक युवती किसी भी हद तक जा रहे हैं। शनिवार की रात मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर नगर इलाके में तीन युवतियों ने चलती कार पर खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

निजी मेडिकल कालेजों ने वसूल लिए तीन साल में 500 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले साल शासन ने जारी किया था आदेश, प्राइवेट मेडिकल कालेजों ने नहीं माना

ट्रांसपोर्टिंग और हास्टल शुल्क के नाम पर निजी मेडिकल कालेजों ने तीन साल में छात्रों से 5 सौ करोड़ की वसूली कर ली। शासन ने पिछले साल इस रकम की वापसी ब्याज सहित करने का आदेश जारी किया, जिसे नजर अंदाज करते हुए इस साल करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए फीस के नाम पर वसूल डाला। आरोप लगाया गया है कि निजी मेडिकल कालेजों की मनमानी रुक नहीं रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता निश्चय बाजपेयी ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया है कि प्रदेश के निजी मेडिकल कालेज हास्टल और ट्रांसपोर्ट के नाम पर पालकों से दबाव पूर्वक वसूल रहे सालाना साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक की रकम हास्टल और ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर ले रहे हैं। इन कालेजों में तीन हजार से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। निजी मेडिकल कालेजों में वर्ष 2022-23 में इस मद की फीस मे की गई बढ़ोतरी की शिकायत पर प्रवेश तथा फीस नियामक समिति ने जांच कर छात्रों को राशि वापस करने और तीन निजी मेडिकल कालेजों पर 10 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाने की अनुशंसा की थी। इस आधार पर राज्य शासन ने आदेश जारी कर रकम नहीं लौटाने पर मान्यता निरस्त करने की चेतावनी दी थी। निजी मेडिकल कालेजों ने एक वर्ष बीतने के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया उल्टे नए सत्र में आए नवीन छात्रों से भी वैसी ही अवैध वसूली कर ली। आरोप लगाया गया है कि वर्तमान मे लगभग 3 हजार मेडिकल छात्र निजी मेडिकल कालेज में पढ़ रहे हैं। साढ़े 4 लाख रुपये प्रति छात्र प्रति वर्ष के हिसाब से पिछले तीन वर्षों में लगभग 500 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की गई थी। जिसे ब्याज सहित वापस करने का आदेश शासन ने दिया था। इस वर्ष लगभग 150 करोड़ की अतिरिक्त अवैध वसूली और की गई है। बाजपेयी ने कहा कि निजी कालेजों ने नेशनल मेडिकल कमीशन और डीएमई के नियमों का उल्लंघन कर स्वैच्छिक सुविधा को छात्रों के लिए किया अनिवार्य कर दिया है।

एचटीपीपी में कोयला स्टाक क्रिटिकल, कुसमुंडा से सप्लाई बढ़ाने पर जोर

अधिकतम मांग करीब 6 हजार मेगावाट तक पहुंच रही

प्रदेश में बढ़ी बिजली की मांग के बीच कोयले की कमी ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ने के बीच हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) में कोयले का स्टॉक एक बार फिर क्रिटिकल स्तर पर पहुंच गया है। संयंत्र में महज 74 हजार टन कोयला उपलब्ध है, जबकि सभी इकाइयों के चालू रहने पर प्रतिदिन करीब 22 हजार टन कोयले की खपत हो रही है। इस हिसाब से संयंत्र में पांच दिन से भी कम का कोयला शेष है। ऐसे में कुसमुंडा खदान से कोयले की आपूर्ति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

रखरखाव के बाद एचटीपीपी की सभी इकाइयों के संचालन और फुल लोड पर उत्पादन से कोयले की दैनिक खपत में तेजी आई है। मौजूदा स्टॉक की स्थिति को देखते हुए यदि आपूर्ति में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में संयंत्र के नियमित संचालन पर दबाव बढ़ सकता है। कोयला स्टॉक में सुधार के लिए कुसमुंडा खदान से सप्लाई बढ़ाना अहम माना जा रहा है। प्रदेश में मौसम खुलने के बाद बिजली की अधिकतम मांग करीब 6 हजार मेगावाट तक पहुंच रही है। उमसभरे मौसम, बारिश की कमी से फसल सिंचाई के लिए कृषि पंपों के बढ़ते संचालन तथा एसी-कूलर के उपयोग से मांग में इजाफा हुआ है। ऐसे समय में एचटीपीपी में कोयले का स्टॉक कम होना बिजली उत्पादन व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन गया है।



एक इकाई बंद, उससे 250 मेगावाट कम बिजली

दूसरी ओर डीएसपीएम पावर प्लांट की एक इकाई वार्षिक रखरखाव के कारण बंद है। इससे प्रदेश को उत्पादन कंपनी से करीब 250 मेगावाट घरेलू बिजली कम मिल रही है। मांग पूरी करने के लिए अन्य राज्यों से बिजली लेनी पड़ रही है। ऐसे में एचटीपीपी में कोयले की उपलब्धता कम होने से बाहरी बिजली पर निर्भरता और बढ़ने की आशंका है।

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 | आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी | वर्ष : 25, अंक : 90 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



परीक्षा परिणाम से आगे भी देखनी होगी तस्वीर

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणामों में लड़कियों के बेहतर प्रदर्शन की चर्चा अक्सर होती है। लेकिन शिक्षा में बने रहने की दर एक अलग पहलू सामने लाती है। इसमें यह देखना जरूरी है कि विद्यार्थी स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए आगे की कक्षाओं तक बने रहते हैं या नहीं। छत्तीसगढ़ के आंकड़ों में लड़कियों की दर बेहतर है, जबकि लड़कों की दर राष्ट्रीय औसत से नीचे है।

छग में 12वीं तक पहुंचने में लड़कों के पैर लड़खड़ा रहे, लड़कियां आगे, शिक्षा में बने रहने की दर 50 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जब भी परीक्षाओं के परिणाम आते हैं, तो ये बात भी साफ होती है कि लड़कियां लड़कों से आगे हैं। इस बात के पीछे की कहानी दरअसल ये है कि पहली से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई जारी रखने के मामले में लड़कियां आगे रहती हैं, जबकि लड़के 12वीं तक पंहुचने में ही लड़खड़ा जाते हैं।

खास खबर

राज्य में कक्षा पहली से बारहवीं तक शिक्षा में बने रहने की दर 50 प्रतिशत से कम है। लड़कियों के मामले में यह दर 54.7 प्रतिशत है, जबकि लड़कों के लिए केवल 39.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। यानी इस संकेतक पर लड़कियां लड़कों से 15.4 प्रतिशत अंक आगे हैं। शिक्षा मंत्रालय की यूडीआईएसई की रिपोर्ट से ये बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कक्षा पहली से बारहवीं तक शिक्षा में बने रहने की कुल दर 46.8 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि सरकारी रिपोर्ट में दर्ज इस संकेतक का स्तर आधे से कम है। हालांकि, इसे सीधे स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत नहीं माना जा सकता। शिक्षा में बने रहने की दर और ड्रॉपआउट दर अलग-अलग संकेतक हैं।

लड़कियों की दर राष्ट्रीय औसत से 5.1 अंक अधिक

छत्तीसगढ़ में लड़कियों की शिक्षा में बने रहने की दर 54.7 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत 49.6 प्रतिशत है। इस तरह राज्य की लड़कियां राष्ट्रीय औसत से 5.1 प्रतिशत अंक आगे हैं। इसके विपरीत, छत्तीसगढ़ में लड़कों की दर 39.3 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 45 प्रतिशत से 5.7 प्रतिशत अंक कम है। देश में कक्षा पहली से बारहवीं तक शिक्षा में बने रहने की कुल दर 47.2 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 5 पर

लड़कियों की दर 54.7%, लड़कों की 39.3%; राष्ट्रीय औसत में भी लड़कियां आगे



दसवीं तक भी लड़कियां

यह अंतर केवल बारहवीं तक सीमित नहीं है। यूडीआईएसई रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा पहली से दसवीं तक शिक्षा में बने रहने की दर लड़कियों के लिए 67.6 प्रतिशत और लड़कों के लिए 53.5 प्रतिशत है। इस स्तर पर भी लड़कियां 14.1 प्रतिशत अंक आगे हैं। बारहवीं तक आते-आते यह अंतर 15.4 प्रतिशत अंक हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि राज्य में लड़कियों की शिक्षा में निरंतरता लड़कों की तुलना में बेहतर दर्ज की गई है।

फिर निशाने पर बॉलीवुड

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी



लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने किया पोस्ट

लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से गैंगस्टर अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा- जय महाकाल... जय श्रीराम.... सभी भाइयों को राम राम... आज ये टाइगर श्रॉफ का काम हुआ है। इसकी जिम्मेदारी अनिल पंडित और हरमन संधू लेते हैं। हमने इसको कॉल करके समझाया था, लेकिन इसे समझ नहीं आया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जुहू के पुष्पा पार्क के पास गोलीबारी की एक घटना सामने आई, जहां बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग हुई है। जब टाइगर फुटबॉल ग्राउंड से घर लौट रहे थे, उस दौरान बाइक पर आए तीन अज्ञात लोगों ने जुहू के जेवीपीडी ग्राउंड के पास गोलीबारी की। 5-7 राउंड फायरिंग होने की जानकारी है।

इस घटना में टाइगर श्रॉफ के ड्राइवर और एक रिक्शा चालक के घायल होने की खबर है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मुंबई पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट हुई है।टाइगर श्रॉफ पर हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से गैंगस्टर अनिल पंडित का सोशल मीडिया पर आया पोस्ट है।

पोस्ट पर अनिल पंडित ने टाइगर पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। जुहू में टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर गोली चलाने वाले आरोपी को ट्रैक करने और पकड़ने के लिए 12 टीमें गठित की गई हैं।

बाइक सवारों ने टाइगर को बनाया निशाना

बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें निशाना बनाते हुए फायरिंग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ फुटबॉल खेलने के लिए जुहू के पुष्पा पार्क इलाके के पास मौजूद थे। तभी एक बाइक पर सवाल तीन लोग वहां पहुंचे और एक्टर की गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में घटनास्थल पर मौजूद एक ऑटो वाले को भी गोली लगने की खबर सामने आई है। मौके पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचा गया।

केंद्रीय मंत्रियों ने देश में प्रदर्शन को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

रिजिजू का बड़ा दावा, भारत में बांग्लादेश फ्रांस जैसी हिंसा फैलाने की थी योजना

दुनिया के कई देशों में इस समय हिंसा का माहौल बना हुआ है। फ्रांस में बड़े पैमाने पर आंदोलन हो रहा है। जगह-जगह आगजनी हुई है और दुकानों में लूटपाट की गई है। अब इसको लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पोस्ट के जरिए भारत में प्रदर्शन करने वालों पर निशाना साधा है। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, बांग्लादेश में हुई हिंसक घटना और फ्रांस में जो दंगे, आगजनी और लूटपाट हुई, ठीक वैसी ही साजिश भारत के लिए भी रची गई थी। रिजिजू के साथ ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, भारत-विरोधी गिरोहों और कुछ राजनेताओं ने मिलकर युवाओं को भड़काने और हमारी सड़कों पर हिंसा फैलाने की योजना बनाई थी, लेकिन इस खतरनाक साजिश को रचने वाले भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है, ▶▶| शेष पेज 5 पर

- सोशल मीडिया पर 'रिजीम चेंज' वाले बयान का वीडियो किया पोस्ट

रिजिजू ने बांग्लादेश और फ्रांस का उदाहरण क्यों दिया?

रिजिजू ने अपने बयान में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटना और फ्रांस में दंगों, आगजनी तथा लूटपाट का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह की स्थिति भारत में पैदा करने की साजिश रची गई थी। उनके मुताबिक, कुछ समूहों और नेताओं ने युवाओं को उकसाकर सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की। हालांकि, ये आरोप रिजिजू ने लगाए हैं। दिए गए विवरण में इन आरोपों के समर्थन में कोई अलग प्रमाण नहीं बताया गया है। मंत्री ने कहा कि भारत में सरकार बदलने का रास्ता चुनाव है, न कि हिंसा या किसी बाहरी व्यक्ति के जरिए सत्ता परिवर्तन।



विवाद कैसे बढ़ा?

यह विवाद दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच सामने आया है। प्रदर्शनकारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं। इसी दौरान विपक्षी नेताओं और छात्र कार्यकर्ताओं की ओर से सत्ता परिवर्तन से जुड़ी टिप्पणियों को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हुआ।

रिजीम चेंज पर शिवराज ने साधा निशाना

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को देश की सत्ता पलटने करने की मंशा रखने वाले लोगों पर सीधा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग हर रोज देश की सत्ता बदलने के लिए हर तरह की साजिश रचते हैं, लेकिन देश की जनता के सामने उनके मनसूबे पूरी तरह से धरे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि रिजीम चेंज गैंग रोज सत्ता परिवर्तन के सपने देखता है, षड्यंत्र रचता है, झूठ फैलाता है और नैरेटिव गढ़ता है, लेकिन जनता के जनादेश के सामने इनके सपने साबुन के बुलबुले की तरह फूट जाते हैं।

फ्रांस में प्रदर्शन 1800 गिरफ्तार

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और स्कूलों की खराब हालत के खिलाफ शनिवार को हुए प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। राजधानी पेरिस में पुलिस ने 1800 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान हिंसक समूहों ने पुलिसकर्मियों से भिड़ंत की और दुकानों में लूटपाट की। प्रदर्शन में पेरिस क्षेत्र में करीब 1.10 लाख लोग शामिल हुए थे। देश के कई अन्य शहरों में भी तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों में शामिल लोगों की संख्या को लेकर अधिकारियों और आयोजकों के आंकड़े अलग-अलग हैं। अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में करीब 5.50 लाख लोगों ने प्रदर्शन किया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग आठ लाख बताई। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती जीवन-यापन लागत और स्कूलों में खराब सुविधाओं के खिलाफ नाराजगी जताई। हालांकि, कई जगह प्रदर्शन के दौरान हिंसा होने से हालात बिगड़ गए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

जूते के विवाद पर छात्र की हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में स्कूल के निर्धारित जूते पहनने को लेकर दो छात्रों के बीच हुए विवाद के बाद 12वीं कक्षा के एक छात्र की स्कूल के बाहर कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के मामले में तीन नाबालिगों और दो वयस्कों समेत पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। इनमें से तीन उसी स्कूल के छात्र हैं। घटना 14 अक्टूबर को हुई। विवाद तब शुरू हुआ जब एक अन्य छात्र ने शिक्षक से शिकायत की कि पीड़ित ने स्कूल के निर्धारित जूते नहीं पहने हैं।

पंजाब में बड़ा सड़क हादसा

कार ने मजदूरों को कुचला 6 महिलाओं समेत 8 की मौत

एजेंसी ▶▶| संगरूर

पंजाब में संगरूर के लेहरागागा में रविवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया है। इसमें 6 महिला समेत आठ लोगों की मौत हो गई। संगरूर के एसपी पलविंदर चीमा ने बताया कि हादसे के आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर लिया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय करीब 25 मनरेगा मजदूर काम कर रहे थे। हादसे के बाद 5 मृतकों के शव लेहरागागा अस्पताल में रखे होने की जानकारी मिली थी।



इनकी हुई मौत

मृतकों में करमजीत कौर, पत्नी जग्गी सिंह, निवासी अलीशेर, जीवन सिंह, पुत्र रामलाल, निवासी अलीशेर, निक्की, पत्नी हंसा राम, निवासी अलीशेर, सरबजीत कौर, पत्नी सोनी सिंह, निवासी अलीशेर, रणजीत कौर, पत्नी जरनैल सिंह, निवासी अलीशेर, करमजीत, पत्नी काला खान, निवासी अलीशेर, रानी कौर, पत्नी तरसेम सिंह भीमा, निवासी अलीशेर, देशराज हैं।

आगजनी, मारपीट के बाद हिरासत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर/बिहारपुर

सड़क दुर्घटना के बाद चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा की गई आगजनी, अधिकारियों से मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही लगभग दर्जनभर लोगों को हिरासत



में लिया है। घटना के बाद से बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव से फरार हो गए है। महिला की मौत के मामले में भी पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

साढ़े नौ घंटे बाद उठी लाश, अपराध दर्ज

पुलिस की समझाइश और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन थाने पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने मृतिका के पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया। घटना के साढ़े नौ घंटे बाद लाश को उठाया गया।

एसआई परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच करेगी ईडी, ओडिशा का मामला

भुवनेश्वर/नई दिल्ली। ओडिशा में 2024 की पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र 'लीक' होने के मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय को ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड के कुछ ऐसे अधिकारियों और निजी संस्थाओं की भूमिका होने का पता चला है, जो अब तक जांच के दायरे से बाहर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया



कि इनकी भूमिका की जांच के अलावा केंद्रीय एजेंसी अपराध से अर्जित धन के लेन-देन का पता लगाने की भी कोशिश कर रही है।



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के रिसर्च से सामने आया अहम तथ्य

कोडार बांध में मछली की 52 प्रजातियां, 4 विदेशी किस्म भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से 60 किलोमीटर दूर कोडार बांध में मछलियों की 52 प्रजातियां पाई गई हैं। विदेशी नस्ल की चार प्रकार की मछलियां भी शामिल हैं। आसपास के गांवों के लोग यहां से मछली पकड़कर जीवन यापन करते हैं, उनकी कमाई का 40 फीसदी हिस्सा मछली से आता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वार किए गए एक शोध से यह बात सामने आई है। यह रिपोर्ट आईसीएआर ▶▶| शेष पेज 5 पर

- आसपास के गांव वालों की रोजी-रोटी का साधन मछली मारना है

अलग खबर



देशी के साथ विदेशी नस्ल की प्रजातियां भी

शोध के अनुसार, अध्ययन के दौरान 52 मछली प्रजातियां दर्ज की गईं। पूर्व की सूचियों को मिलाकर जलाशय की मछली प्रजातियों की संचयी सूची 60 तक पहुंचती है। शोध में 11 ऐसी प्रजातियों का भी उल्लेख है, जो पहले की सूचियों में दर्ज नहीं थीं, जबकि चार विदेशी प्रजातियां भी सामने आईं।

विदेशी प्रजाति की मछलियों की निगरानी की जरूरत

शोध के अनुसार, जलाशय में मत्स्याखेट सहकारी समिति आधारित प्रबंधन व्यवस्था के तहत संचालित होता है। इसमें मछलियों का संचयन, जाल की जाली के आकार का नियमन और मौसम के अनुसार मछली पकड़ने पर प्रतिबंध जैसे उपाय शामिल हैं। अध्ययन में भारतीय प्रमुख कार्प मछलियों के बीज संचयन की जरूरत का मॉडल आधारित अनुमान भी दिया गया है। इसके साथ संभावित प्रजनन स्थलों की सुरक्षा, विदेशी मछली प्रजातियों की निगरानी और नियमित पारिस्थितिक व मत्स्य सर्वेक्षण की जरूरत बताई गई है।

चिंतन

धार्मिक उत्सवों में हादसों का जिम्मेदार कौन?

त्योहारों में आस्था और उल्लास के बीच मौत का तांडव आखिर कब थमेगा? कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल और ग्वालियर में मंदिर के पास हादसे में श्रद्धालुओं की जान जाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हर त्रासदी के बाद जांच, गिरफ्तारी और निलंबन होते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय कब होंगे? भारत में त्योहार आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं। दुर्गा पूजा के पंडालों से लेकर मंदिरों और धार्मिक सभाओं तक, लाखों लोग श्रद्धा के साथ जुटते हैं। लेकिन जब उत्सव चीख-पुकार और मातम में बदल जाएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन हादसों का जिम्मेदार कौन है? जवाबदेही किसकी है? कोलकाता और ग्वालियर की हालिया घटनाएं बताती हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत और 25 के घायल होने की खबर बेहद दुःखद है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पंडाल में प्रवेश करना और संकरे रास्ते में भीड़ का फंस जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर, ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 26 के घायल होने की सूचना है। दोनों हादसों की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन साझा सवाल यही है कि संभावित खतरे को पहले क्यों नहीं पहचाना गया? कोलकाता में भीड़ की क्षमता, प्रवेश-निकास और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी है। ग्वालियर में यह पता लगाना होगा कि भारी वाहन उस मार्ग पर कैसे पहुंचा, यातायात नियंत्रण कैसा था और श्रद्धालुओं की कतार सड़क के जोखिम वाले हिस्से में क्यों लगी थी। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक आयोजन मातम में बदले हैं। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास भगदड़ में 115 लोगों की जान गई थी। हर साल कहीं न कहीं ऐसे हादसे लगातार होते रहते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किए जाते। ऐसे में जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उत्सवों में लोगों की जान न जा पाए। इसके लिए आयोजनों से पहले स्थल की क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग तथा बाधारहित हों। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य हो। बारिश, आग, बिजली बाधित होने या अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रहनी चाहिए। प्रशासन और आयोजकों को आयोजन से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लेनी चाहिए। प्रॉपर बैरिकेडिंग हो, श्रद्धालुओं के लाइन में लगने की व्यवस्था हो। पुलिसबल और आयोजकों के वालिंटियर तैनात रहे। संकरे रास्तों में लाइनों की व्यवस्था की जाए। वहीं, आमजन को भी चाहिए कि वह बुजुर्गों और बच्चों को ऐसी भीड़भाड़ भरी जगहों पर ले जाने से बचें। आयोजकों, पुलिस, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। श्रद्धालुओं को भी धक्का-मुक्की, अफवाह और जल्दबाजी से बचना चाहिए, लेकिन नागरिकों से अनुशासन की अपेक्षा करने से पहले प्रशासन को सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी होगी।



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका की ओर से 60 दिनों की टैरिफ राहत भारत के लिए अपने निर्यात हितों को सुरक्षित करने और व्यापार वार्ता को नई दिशा देने का अवसर है। वस्त्र, औषधि, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों से देश की अर्थव्यवस्था के साथ लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए भारत को टैरिफ दरें न्यूनतम कराने के उद्देश्य से प्रभावी कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व कम नहीं है। अगले 60 दिनों में भारत के सामने अपने आर्थिक हितों को मजबूती से रखने और बेहतर व्यापार समझौते की राह तलाशने की चुनौती होगी। उम्मीद है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देगा।

भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का संवेदनशील दौर

वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्र पर भारत और अमेरिका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य की एक नई पटकथा लिख रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 मैं दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाज़ार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक 'असैन्य परमाणु समझौते' और 2016 में भारत को मिले 'मेजर डिफेंस पार्टनर' के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमेरिका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही, भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिकी बाज़ार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे।

ऐसे में अब अमेरिका से नई आर्थिक संभावनाओं की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमेरिकी प्रशासन द्वारा 'लीडसे ग्राहम अधिनियम' के तहत रूसी तेल खरीदारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है।



निसंदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले 60 दिनों के वैधानिक ग्रेस पीरियड को खत्म करने का नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जाएगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करने की बाध्यता होगी। अब तकनीकी और श्रम बाजार के अलावा भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग भी अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों की सीधी जद में आ गया है। भारत को वैश्विक स्तर पर रविश्व की फार्मेसीश कहा जाता है और इसकी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली का एक प्रमुख आधार रही हैं। हालांकि, आयातित जेनेरिक दवाओं पर 1 अगस्त 2026 से लागू चरणबद्ध शुल्क नीति के तहत शुरुआती दो वर्षों में 0 प्रतिशत शुल्क के बाद इसे 2028 में 100 प्रतिशत और 2029 से बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने की योजना है। यदि यह नीति पूर्ण रूप से लागू होती है, तो अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाओं की कीमतें अत्यधिक बढ़ जाएंगी, जिससे भारत का फार्मा निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के तहत भारत को सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच एक संतुलित और दृढ रुख अपनाना होगा। भारत को कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रों से भारत की विशाल आबादी की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही, औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी पर अमेरिकी टैरिफ दरों को शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए भारत को कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः, अमेरिका द्वारा मिली 60 दिनों की यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारत के लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह 60 दिनों का समय भारत को अपनी वैश्विक निर्यात स्थिति, रणनीतिक विकल्पों और कूटनीतिक वार्ताओं को नए सिरे से संजोने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। उम्मीद करें कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और आर्थिक साझेदारी को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दुर्गा अष्टमी
बाल मुकुन्द ओझा



कन्या पूजन : नारी शक्ति की आराधना का महापर्व

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को महा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। कहते हैं नवरात्रि के आठवें दिन जो भी भक्त मां की सच्चे मन से आराधना करता है उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है। देवी के इस स्वरूप का रंग अत्याधिक गोरा है इसलिए उन्हें महागौरी के नाम से जाना गया है। कन्या पूजन कोई अष्टमी को करता है तो कोई नवमी के दिन। इस बार कन्या पूजन 19 अक्टूबर को करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये सुख और शान्ति की देवी भी कहलाती है। माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। देवी दुर्गा के नौ रूपों में महागौरी आठवीं शक्ति स्वरूपा हैं। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। महागौरी की चार भुजाएं होती हैं। जिसमें से दो भुजाओं में उनके शस्त्र होते हैं और दो भुजाएं आशीर्वाद देती हुई प्रतीत होती हैं। इनका वर्ण सफेद और देखने में अत्यंत सुन्दर है, इसीलिए इनका नाम महागौरी है। इनकी सवारी एक सफेद बैल है और इनके वस्त्र भी सफेद हैं। अष्टमी की तिथि के दिन महागौरी मां दुर्गा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप और कष्ट दूर हो जाते है। प्राचीन कथा के अनुसार जब देवी सती भगवान-शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या में लीन थीं, तो उनके सम्पूर्ण शरीर पर मिट्टी जम गयी थी। कठोर तपस्या के कारण माता का शरीर काला पड़ गया था। अंततरू देवी की तपस्या से प्रसन्न होने के पश्चात्क भगवान शिव उन्हें स्वीकार करते हैं। उस समय देवी सती ने जब गंगा जल में स्नान किया तब वह विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं। तब देवी के इस स्वरूप को भगवान शिव ने महागौरी का नाम दिया। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी पाप धुल जाते है। जिससे मन और शरीर हर तरह से शुद्ध हो जाता है। देवी महागौरी भक्तों को सदमार्ग की ओर ले जाती है। इनकी पूजा से अपवित्र व अनैतिक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। देवी दुर्गा के इस सौम्य रूप की पूजा करने से मन की पवित्रता बढ़ती है। जिससे सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। देवी महागौरी की पूजा करने से मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। इनकी उपासना से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हमारी धार्मिक परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है और छोटी कन्याओं में भी देवी के स्वरूप की कल्पना की जाती है। इसी आस्था के कारण नवरात्रि के अंत में कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महाष्टमी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना, आत्मशुद्धि और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की पूजा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस दिन कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं में देवी शक्ति के स्वरूप का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का संदेश देती है। महाष्टमी का वास्तविक महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, सदाचार, करुणा और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने में भी निहित है।



(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

कंजक पूजा ही नहीं उनका सम्मान भी करें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। लेकिन दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोहमाया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए। साथ ही हम कंजकों का पूजन जरूर करें, लेकिन उनका सम्मान करना भी हमें सीखना होगा। - *संकेत शुक्ला, राजिम*

ट्रेंड

पैरा-एथलीटों पर गर्व



एशियन पैरा गेम्स 2026 की शुरुआत आइची-नागोया में हो रही है। इस अवसर पर मैं भारतीय दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत को पैरा-एथलीटों पर अपार गर्व है। उनका साहस, समर्पण और जज्बा 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। **-नरेंद्र मोदी, पीएम**

खामियाजा भुगतना पड़ेगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की 'रातों की नींद उड़ी हुई है'। उन्हें हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और 'वोट चोरी' का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

अराजकता फैला रहा विपक्ष



'भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मुख्य विपक्षी दल का सड़क पर विरोध प्रदर्शन के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्हें पता होना चाहिए कि जहां भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, वहां विदेशी ताकतों ने उन्हें प्रायोजित किया है और उससे अराजकता फैली है।'
-चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री

खतरनाक साजिश रची



भारत विरोधी गिरोहों और कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की यहां ठीक वैसी 'साजिश' रची, जैसी पहले फ्रांस एवं बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के लिए रची गयी थी। ऐसी "खतरनाक साजिश" रचने वाले लोग यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। **-किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

एआई अब तस्वीर से हृदय रोग का पता लगा सकता है

चेहरे और जीभ की तस्वीरों के आधार पर तैयार एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली ने एक छोटे परीक्षण में कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित प्रत्येक मरीज की सटीक पहचान की। चीन में किये गए एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई है। प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे और जीभ की तस्वीरें एक विशेष रूप से तैयार किए गए स्कैनिंग प्रणाली की मदद से ली गईं। तस्वीरों का विश्लेषण 'डीप लर्निंग' तकनीक के जरिए किया गया। यह एआई की एक तकनीक है, जो तस्वीरों में मौजूद विशेषताओं को पहचानना सीखती है। 'डीप लर्निंग' एआई और 'मशीन लर्निंग' का एक उन्नत हिस्सा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को मानव मस्तिष्क की तरह सोचने, समझने और डेटा से खुद सीखने योग्य बनाती है। इस प्रणाली ने पहले जीभ और चेहरे की तस्वीरों का अलग-अलग विश्लेषण किया। इसके बाद, दोनों से प्राप्त जानकारियों को मिलाकर यह अनुमान लगाया कि किन लोगों को सीएचडी है। दोनों तस्वीरों से मिली जानकारियों का संयुक्त रूप से इस्तेमाल करने पर परिणाम, किसी एक तस्वीर के आधार पर किए गए विश्लेषण की तुलना में बेहतर रहे। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्करण ने 104 लोगों पर किए गए परीक्षण में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की।



ऑफ बीट

महा अष्टमी पर काठमांडू के दुर्गा मंदिरों में भीड़ उमड़ी

नेपाल में 10-दिवसीय बड़ा दशईं त्योहार के आठवें दिन महा अष्टमी के मौके पर रविवार को काठमांडू घाटी में देवी दुर्गा को समर्पित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नेपाल में हिंदू समुदाय के लिए महा अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन वे देवी के महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं, जो क्रमशः शक्ति, धन और ज्ञान से जुड़ी हुई हैं। बड़ा दशईं नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नवदुर्गा' कहा जाता है। यह उत्सव दसवें दिन यानी विजयादशमी के मौके पर संपन्न होता है। विजयादशमी के दिन घर के बड़े-बुजुर्ग परिवार के छोटे सदस्यों को सिंदूर, दही और चावल का टीका लगाते हैं तथा आशीर्वाद के रूप में उन्हें 'जमारा' (जौ के अंकुर) देते हैं। गुहेश्वरी, नक्सल भगवती, भद्रकाली, शोवा भगवती, बिजेश्वरी, इंद्रायणी, रक्तकाली, बज्रयोगिनी और तालेजू भवानी सहित काठमांडू के प्रमुख मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ जमा हुई। त्योहार के लिए मंदिरों को रंगीन रोशनी और कागज के झंडों से सजाया गया था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत कई मंदिरों में पशु बलि दी गई। कई जगहों पर 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ भी किया गया, जो मार्कंडेय पुराण से जुड़ा एक पवित्र ग्रंथ है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लाखों लोग सड़कों पर उतरे

अलग-अलग मुद्दों को लेकर फ्रांस, इटली से अमेरिका तक 8 देशों में फैली प्रदर्शन की 'आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई देशों में असंतोष और गुस्से का एक नया दौर देखने को मिल रहा है। भारत से लेकर यूरोप और अमेरिका तक जगह-जगह बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है।

फ्रांस, इटली,और अल्बानिया से लेकर अर्जेंटीना और तुर्किये तक, लोग महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस और अल्बानिया में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की वजह से बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है।

दुनिया के कई देशों में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट और सरकारी नीतियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है, जहां लाखों लोग सड़कों पर उतरे हैं। बेल्जियम, पुर्तगाल, इटली, अल्बानिया, तुर्किए, अर्जेंटीना और अमेरिका में भी अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन जारी हैं...


उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ अर्जेंटीना में पुलिस से झड़प करते प्रदर्शनकारी।


रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतरेअल्बानिया के छात्र।

अल्बानिया और तुर्किये में सुलगता असंतोष

अल्बानिया में भी छात्र विश्वविद्यालयों की बढ़तर स्थिति, पढ़ाई में ज्यादा खर्च और रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तिराना में शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन तब हिंसक हो गया, जब छात्रों ने इमारत पर ईंटें और कंक्रीट के ब्लॉक फेंके।

इटली में महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

इसी तरह इटली में भी यूरोप के दूसरे हिस्सों जैसे ही हालात देखने को मिल रहे हैं। मिलान में स्थिर वेतन, महंगाई और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आ रही दिक्कतों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किए और झड़पों की खबरें भी सामने आईं।हालांकि इटली के प्रदर्शन फ्रांस के मुकाबले छोटे थे।

पुर्तगाल- बढ़ती महंगाई और कम सैलरी के विरोध में मार्च

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोगों ने बढ़ती महंगाई, कम सैलरी और सस्ते मकान मिलने में हो रही मुश्किलों के खिलाफ मार्च निकाला। लिस्बन और कई दूसरे शहरों में 2017 के बाद से संपत्ति की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि किराए में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।

फ्रांस- बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर प्रदर्शन

फ्रांस में इन प्रदर्शनों की दो मुख्य वजहें हैं- एक तरफ जहां बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर जनता में आक्रोश है,तो वहीं दूसरी तरफ छात्रों और टीचर स्कूल की बदहाल स्थिति और शिक्षा बजट में कटौती का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए ये चुनाव उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले एक बड़ा इम्तिहान बन गया है। फ्रांस में ये छात्र आंदोलन पिछले महीने पेरिस में स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ था, जो धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गया।

बेल्जियम में फीस बढ़ाने का विरोध

पड़ोसी देश बेल्जियम में भी कुछ ऐसा ही हाल है। सार्वजनिक खर्चों में कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच छात्रों ने उच्च शिक्षा और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का विरोध किया है।

अर्जेंटीना और अमेरिका में भी विरोध की गूंज

लैटिन अमेरिकी देश अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में बजट में भारी कटौती करने वाले राष्ट्रपति जेवियर माइली की उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ इस हफ्ते की शुरुआत में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई। संसद के बाहर हजारों विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन के सदस्यों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

सीआईएसएफ में काम के आधार पर अब मिलेगी सुरक्षा की कमान

1 नवंबर से लागू होगा नया ढांचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रशासनिक और परिचालन व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद नया ढांचा 1 नवंबर 2026 से देशभर में लागू होगा। इसके तहत सुरक्षा की कमान अब भौगोलिक क्षेत्र के बजाय प्रतिष्ठानों के कार्यक्षेत्र और उनकी सुरक्षा जरूरतों के आधार पर तय की जाएगी। पुनर्गठन का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी मजबूत करना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना है। इससे संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्रतिष्ठानों के प्रबंधन के साथ समन्वय भी बेहतर होगा। सीआईएसएफ हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु एवं अंतरिक्ष केंद्रों, बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात संयंत्रों, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, सरकारी इमारतों, ऐतिहासिक स्मारकों और मेट्रो की सुरक्षा करता है।

तटीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

डीआरआई ने 137 किलो क्रिस्टल मेथ की बड़ी खेप जब्त की, चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने संगठित मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, हाल के वर्षों में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्तियों के अंतर्गत तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के एक तटीय गांव से प्रतिबंधित सिंथेटिक मादक पदार्थ क्रिस्टल मेथामफेटामाइन की कुल 137 किलो खेप जब्त की है। डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 16–17 अक्टूबर के दौरान व्यापक निगरानी और प्रवर्तन अभियान चलाया।

तलाशी में छह डफल बैग बरामद



यह अभियान विशेष खुफिया जानकारी के बाद चलाया गया। इसमें मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप को नागपट्टिनम जिले के एक तटीय स्थान पर भंडारण और वहां से श्रीलंका में तस्करी के लिए पहुंचाया जाना था। इसके बाद की गई तलाशी में छह डफेल बैग बरामद हुए। इसमें सिल्वर फॉयल 27 पैकेट थे। इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ था। उसके उच्च शुद्धता वाले मेथामफेटामाइन होने का संदेह है। जब्त प्रतिबंधित सामग्री को स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया गया।

10 लाख रुपए नकद भी जब्त

संदिग्ध आयोजक के परिसर में एक साथ की गई तलाशी के दौरान, डीआरआई अधिकारियों ने बिक्री से प्राप्त रकम होने के संदेह में 10 लाख रुपए नकद भी जब्त किए। मादक पदार्थों के परिवहन में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए। दो चारपहिया वाहन और एक दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए।

सीजेआई ने किया लद्दाख हाईकोर्ट बेंच का उद्घाटन

लेह-करगिल को मिली हाई कोर्ट की बेंच

अब न दिल्ली की दूरी, न सफर की मजबूरी: लद्दाख में न्याय की नई सुबह

सालों बाद दूर हुई न्याय की दूरी, 21 से शुरू होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के लिए न्याय अब दूर नहीं रहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने रविवार को लेह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट की नवनिर्मित लद्दाख बेंच का ऐतिहासिक उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस अरुण पल्ली, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे।

75 केस लिस्टेड, 21 से सुनवाई

हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार लद्दाख बेंच पर मामलों की सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए कुल 75 मामलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन चीफ जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजय परिहार की खंडपीठ पांच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद जस्टिस परिहार गुरुवार और शुक्रवार को एकल पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे। केंद्र सरकार ने अगस्त में इस बेंच को मंजूरी दी थी और हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को लेह को बेंच स्थल घोषित किया था। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने इसे पिछले 40 साल में न्यायपालिका के इतिहास की सबसे बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब लद्दाख के लोगों को रिट याचिका सहित अन्य मामलों के लिए श्रीनगर या जम्मू की लंबी और कठिन यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।



लेह और करगिल, दोनों की बराबर की बेंच

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि इसका असली मकसद तभी पूरा होगा, जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

अदालत की पहचान ऊंचाई से नहीं, पहुंच से : जस्टिस कांत ने कहा कि अदालत की असली पहचान उसकी भौगोलिक ऊंचाई से नहीं, बल्कि लोगों तक उसकी पहुंच से होती है। उन्होंने न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए तकनीक और कानूनी सहायता को दो अहम साधन बताया।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS# pine labs#

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Parth Honda (Gariyabandh) - 8830909392; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; G.K Honda (Katora talab) - 9826142444; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; Varun Honda (Gudhiyari) - 9131211919; **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 9669537645; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARDOA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9425560030; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; Shree Honda (Patan) - 9203304122; Tanay Honda (Jamul) - 9201837830; Umang Honda (Kumhari) - 8817327307; **FINGESHWAR:** Bangani Honda - 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto - 9575569608; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; **NARAYANPUR:** Shri Ji Honda - 9406341563; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 8435090005; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 7970005301; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **BHATGAON:** Kiran Honda - 9039006983; **LAWAN:** Kiran Honda - 7987171017; **SANDI:** Kiran Honda - 9039006981; **LIMTARA:** Mahalaxmi Honda - 7047015877; **SARSIWA:** Pratham Honda - 8770799808; **SIMGA:** Shiv Honda - 8319973368; **SUHELA:** Rajju Honda - 8819986810; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590; **MAGALDAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000; **NAGRI:** Nahta Honda - 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932; **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9424157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in



प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म में बाघ शिकारी बनेंगे अक्षय

नई दिल्ली। अक्षय कुमार एक नए कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए अनुभवी फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह निर्देशक की 99वीं फीचर फिल्म होगी। रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में वे 1970 के दशक की पृष्ठभूमि में एक अनोखे बाघ शिकारी का किरदार निभाएंगे। प्रोजेक्ट की शूटिंग नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तीन महीने तक चलने वाली शूटिंग राजस्थान के वन्यजीव इलाकों और मुंबई के एक सेट पर होगी। इसके अलावा, प्रोडक्शन टीम भोपाल में भी शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही है। फिल्म की कास्ट में एक्टर अन्नू कपूर और राजपाल यादव शामिल हैं।

लाइफ Style

सारा

ऑफ शोल्डर लहंगे में बनीं मलिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'धुरंधर' में अपने अभिनय से सबको इंप्रेस करने वालीं सारा अर्जुन अब अपनी रैंप वॉक से भी फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने लैक्मे फैशन वीक में अपना रनवे डेब्यू किया और अपने अंदाज के लिए फिर तारीफें हासिल कर रही हैं।

'धुरंधर' स्टार सारा अर्जुन पिछले दिनों इस ब्लॉकबस्टर पिल्म को लेकर चर्चा में रहीं, जिसमें उन्होंने एक बार फिर अपनी एक्टिंग स्किल्स साबित कर दीं। बड़े पर्दे पर धूम मचाने के बाद सारा अर्जुन रैंप को भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में अपना रनवे डेब्यू किया और अपनी पहली ही रैंप वॉक से अब हर तरफ छाई हैं। सारा अर्जुन लैक्मे फैशन वीक में 'लैक्मे सैलून x अनुश्री रेड्डी' कोलैबोरेशन के लिए शोस्टॉपर बनीं और रैंप पर उतरते ही सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। उनकी वॉक में कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा था। सारा अर्जुन ने नई दिल्ली के ताज पैलेस में रनवे पर वॉक किया। इस दौरान उन्होंने डिजाइनर के फॉल ब्राइडल कलेक्शन 'माया' का पाउडर-ब्लू ब्राइडल गाउन पहना हुआ था। बारीक सफेद कढ़ाई, स्कल्पटेड पेपलम और मरमेड हेम वाले लहंगे में सारा रैंप पर उतरीं, जो ब्राइडल फैशन की एक ऐसी झलक पेश कर रहा था जो किसी रोमांटिक फेयरी टेल से प्रेरित लग रहा था। सारा अर्जुन ने अपने रनवे डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि उनका डेब्यू ठीक वैसा ही था जैसा उन्होंने सोचा था।



हॉलीवुड मसाला



एक दिन पहले रिलीज होगी

एवेंजर्सः डूम्सडे

नई दिल्ली। 'एवेंजर्स": डूम्सडे' अमेरिका समेत कई देशों में 18 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है। पर भारत में इसके लिए मेकर्स ने अलग ही प्लानिंग की है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में 'एवेंजर्स": डूम्सडे' ग्लोबल रिलीज़ से एक दिन पहले ही रिलीज़ कर दी जाएगी. यानी भारतीय दर्शक 'एवेंजर्स": डूम्सडे' को 17 दिसंबर से ही सिनेमाघरों में देख केंगे।'एवेंजर्स": डूम्सडे'भारतीय सिनेमाघरों में गुरुवार, 17 दिसंबर को रिलीज़ होगी. इससे फिल्म को चार दिनों का वीकेंड मिलेगा।



लाइव कॉन्सर्ट के स्टेज से गिरी सिंगर

नई दिल्ली। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान कभी कभी कुछ ऐसे हादसे हो जाते हैं जो कि कलाकारों के लिए बहुत ही चैलेंजिंग हो जाते हैं। चीनी सिंगर सिंगर जॉन झांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग उनकी विल पावर और डेडिकेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं, क्योंकि अगर आम सिचुएशन कोई सात फुट की ऊंचाई से गिरे तो नॉर्मल होने में कम से कम 15 से 20 मिनट तो लेगा ही लेकिन जॉन महज 20 सेकेंड के अंदर अपने पैरों पर खड़ी थीं और स्टेज पर थीं। वीडियो में आप देखेंगे कि जॉन गा रही थीं कि अचानक उनका बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे गिर गईं। उनके गिरते ही पूरी टीम उन्हें सम्भालने के लिए पहुंची। जॉन की हिम्मत देखिए कि गिरने के बाद भी उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। उनकी टीम ने उन्हें सम्भाला, देखा कि वह ठीक हैं या नहीं।



नवरात्रि पर्व के रंग में रंगीं शिल्पा

नई दिल्ली। पूरा देश नवरात्रि के जश्न में डूबी हुआ है। सोशल मीडिया पर गरबा डांस, रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े और वायरल डांस ट्रेंड खूब छाए हुए हैं। लोग एक साथ मिलकर त्योहार मना रहे हैं, जिसकी खूबसूरत झलकियां देखने को मिल रही हैं। इसके अलावा, इंटरनेट पर त्योहार की खुशी दिखाने वाली कई क्रिएटिव रील्स भी वायरल हो रही हैं। वहीं एक ट्रेंड लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है, जिसमें मशहूर गुजराती गरबा गाने की धुन पर कपड़े बदलते हुए मजेदार ट्रांजिशन दिखाए जा रहे हैं। इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी शामिल हो गई हैं, जो ट्रेंड को फॉलो करने में हमेशा आगे रहती हैं। इस ट्रेंड में लोग एक ही गरबा स्टेप को दो बार करते हैं। पहले अपने रोजमर्रा के कपड़ों में और फिर म्यूजिक की बीट बदलते ही वे शानदार ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आते हैं।



दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आए रणबीर...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच अभिनेता नवरात्रि के दौरान मुंबई के 'नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनीन दुर्गा पूजा' पंडाल पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात अपने फिल्ममेकर दोस्त अयान मुखर्जी से हुई। यहां सबसे खास पल वह था जब रणबीर, हर्षदीप कौर के साथ मंच पर आए और अपनी 2013 की हिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का गाना 'कबीरा' गाया। पूजा पंडाल में रणबीर कपूर लाल और सुनहरे रंग के कुर्ते और सफेद पजामे में नजर आए। अभिनेता को देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेते देखा गया। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर कुछ तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही उन्हें पूजा स्थल पर अयान और अन्य मेहमानों का अभिवादन करते हुए भी देखा गया।

रेड कार्पेट पर कोचर गाउन से जीता दिल

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने थोड़ा वक्त निकाल कर 'एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला' में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रेड कार्पेट पर उन्होंने एक बेहतरीन कॉउचर गाउन पहना था, जिसमें उनका अंदाज बेहद ग्लैमरस और आकर्षक लग रहा था। जहां इस शाम कई बड़े सितारे शानदार परिधानों में नजर आए, वहीं प्रियंका का लुक सबसे अलग था। अभिनेत्री ने शैंपेन-गोल्ड रंग का साटन गाउन पहना था, जिसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। यह उनके कॉलरबोन को बहुत खूबसूरती से उभार रही थी। गाउन का मुलायम कपड़ा उनके शरीर पर बहुत ही नजाकत से लिपटा हुआ था। यह उनके फिगर को एक बेहतरीन आकार दे रहा था। गाउन नीचे की तरफ फर्श तक लंबा था और पीछे की ओर एक हल्की 'ट्रेल' भी थी। नेकलाइन पर लगे नाजुक सुनहरे काम और चेन जैसी डिटेलिंग ने गाउन की चमक को और निखार दिया। प्रियंका ने अपने लुक को पूरा करने के लिए गले से सटा हुआ एक चमकदार डायमंड नेकलेस पहना, जो इस सुनहरे रंग के साथ बहुत जंच रहा था। इसके साथ उन्होंने एक शानदार घड़ी और कुछ साधारण अंगूठियां पहनी थीं, ताकि पूरा ध्यान उनके गाउन के अनोखे डिजाइन पर ही रहे। मेकअप और स्टाइल की बात करें तो, प्रियंका ने एक ग्लैमरस और सधा हुआ लुक चुना। उनकी आंखों को हल्का और सुंदर रूप दिया गया था, होंठों पर न्यूड शेड की लिपस्टिक थी और उनका चेहरा एकदम दमक रहा था। उनके गहरे रंग के बाल खुले थे और एक तरफ से पार्ट किए गए थे, जो उनके कंधों पर गिरते हुए गाउन की खूबसूरत नेकलाइन के साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



शादी के लिए सालभर विजय के पीछे पड़ी थीं रश्मिका



नई दिल्ली। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मेहमान बन कर पहुंचने वाले हैं। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने निजी जिंदगी से जुड़े कई खुलासे किये। उन्होंने बताया कि दोनों में से शादी के लिए कौन किसके पीछे पहले पड़ा था। 'कॉफी विद करण' के नवीन सीजन के दूसरे एपिसोड में फैंस के दिलों पर राज करने वाला कपल गेस्ट के रूप में पहुंचा। रश्मिका और विजय से करण ने पूछा कि शादी के लिए किसने पहल की। इस पर विजय ने हंसते हुए कहा कि रश्मिका ने उनसे पूछा कि चलो शादी करते हैं। एक्ट्रेस ने 100 बार उनसे यह सवाल किया था। इस पर रश्मिका ने कहा वह लगभग एक साल तक शादी के लिए विजय के पीछे रहीं। वहीं, जब रश्मिका से पूछा गया कि उन्हें किसके साथ काम करके ज्यादा मजा आया? अल्लू अर्जुन या रणबीर कपूर.. तो अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, जब करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा आपकी जोड़ी किस अभिनेत्री के साथ अच्छी लगती है? तो रश्मिका ने जवाब दिया- कोई नहीं। इस पर विजय बोले- शादी का पहला नियम है कि अपनी पत्नी से सहमत रहें।

स्पिरिट की नई रिलीज डेट जारी रामायण 2 से टकराएगी

नई दिल्ली। प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। खासतौर पर दीपिका पादुकोण संग निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के विवाद के बाद इस फिल्म की काफी चर्चा में है। पहले इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन कुछ विवादों के बाद अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट से अलग हो गईं और फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी ने ले ली। इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट साझा करते हुए मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया था, जिसके अनुसार फिल्म 27 मार्च 2027 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से इसकी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई और अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जिसके अनुसार फिल्म 2027 में रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी। रविवार, 18 अक्टूबर को संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' के लिए एक नई रिलीज डेट की घोषणा की और फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया।



रामलीला में शिल्पा बनीं माता सीता



नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा शिंदे माता सीता के किरदार में मंच पर डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। शिल्पा इस सीन में वनवास वाला सीन करती नजर आ रही हैं। भगवा साड़ी में शिल्पा इस किरदार में बेहद इम्प्रेसिव लग रही हैं। इस सीन में आप देखेंगे कि मां सीता यानी कि शिल्पा शिंदे लक्ष्मण से कह रही हैं कि वे जंगल में जाकर श्रीराम को ढूंढकर लाएं लेकिन लक्ष्मण जो भाभी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं वह जाने से इंकार कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जानकारी दी गई है कि यह दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट शालीमार बाद वाली रामलीला है। यह रामलीला काफी ऐतिहासिक मानी जाती है और इसके आयोजन काफी बड़े स्तर पर किया जाता है। टीवी स्टार्स कई बार इस रामलीला का हिस्सा बनते नजर आते हैं। काम के मोर्चे पर अगर बात करें तो हाल में शिल्पा शिंदे ओटीटी पर आए रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आई थीं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य विशाल नेक्स्टजेन कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस में MBA /CA पढ़ाई की हुई लड़की जिसे दो साल का अनुभव हो वेतन योग्यगतानुसार **संपर्क - रूंगटा कॉलेज पेट्रोल पंप के सामने कुरूद भिलाई पिन न -490023, मो.-** 8109049291. (आरो न.-345)

कुक/हेल्पर

आवश्यकता है- शाकाहारी खाना बनाने के लिए कुछ चाहिए वेतन- 16000/- से 18000/- रहने की सुविधा अनुभव 5 वर्ष आधार कार्ड। अपने निवास क्षेत्र के पुलिस थाने का वेरिफिकेशन चाहिए **शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) मो- 7646843870.** (आरो-231)

सेल्समैन

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में लड़के/लड़कियों की सेल्समैन कार्य हेतु समय 11 से 9 बजे रात्रि तक **संपर्क करें:- नगीना जेन्स सदर बाजार रायपुर 9425206595.** (आरो-7360)

ड्रायवर

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (आरो-959)

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकताः सड्डु, रायपुर क्षेत्र हेतु अनुभवी एवं जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है। **मोबाइलः** +91 9425524905. (आरो-094)

घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। **संपर्क:** 9300593000. (आरो-115)

ऑपरेटर/इंचार्ज

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर,सेल्स बॉयज, गर्ल्स, ड्राइवर पैकिंग कार्य, गोदाम इंचार्ज की आवश्यकता है **गोकुल सुपर बाजार पंडरी। 9827944117.** (आरो-2785)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर **कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक** (आरो-344)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 6-8 लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन-योग्यतानुसार। **संपर्क करें- लाईट, एन लाईट, जवाहर नगर चौक एमजी रोड, रायपुर** (आरो-16583)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- रायपुरा मे 850 वर्गफुट पर 2 बीए.च.के., पी.ओ.पी., सेपरेट बोर, कार पोर्च नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त मकान 5 लाख दे कर अपना शीघ्र रजिस्ट्री कराने पर विशेष छुट फाइनेंस सुविधा 9300505421. (आरो-093)

प्लाट

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से 50 मीटर पूर्ण विकसित कॉलोनी में 1409 वर्गफुट आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 26 लाख में कैश में लेने वाले को प्राथमिकता **सम्पर्क करें- 7898855268.** (आरो-42041)

फर्नीचर

बेचना है - 120 स्टूडेंट की क्षमता वाली रीडिंग लाइब्रेरी का फर्नीचर एवं कुर्सी ब्रांड न्यू कंडिशन में अतिशीघ्र बेचना है। **संपर्कः - 9131679611, 8109135400.** (आरो-993)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
अखबार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1129	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
COLOUR
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL SPECIAL

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

10X1 FOR BOX	Raipur City	55000	85000	1,10,000
	Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
	Bilaspur City	40000	70000	1,00000
	Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
	Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
	All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी राशि उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी सौदे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

जैकेट के शेष

दंतेश्वरी माता की ....

हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे, ऐसी माताराती से सभी प्रार्थना करें। मुख्यमंत्री ने नवरात्रि को माता के भक्ति और आनंद-उत्साह का दिन बताया। उन्होंने माता दंतेश्वरी से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कमना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, आईएनएच-हरिभूमि न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी सहित आयोजक समिति के सदस्य, रास गरबा एवं भजन, डांडिया प्रेमी उपस्थित रहे।

दंडकारण्य से लौटे तब ....

हमारी छत्तीसगढ़ की माटी। साथ ही भगवान श्रीराम का ननिहाल भी है छत्तीसगढ़। यहां भक्ति और शांति का वातावरण सदैव से रहा है। इसी ध्येय को मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार के सुशासन में नक्सल हिंसा से प्रदेश को मुक्त करा कर सार्थक किया गया है। पहले जिनके हाथों में बंदूकें हुआ करती थीं, वे आज ढोल और मांदर के थाप पर झूम रहे हैं। आज पूरे प्रदेश में खुशहाली, शांति और विकास की गंगा प्रवाहित हो रही है।

माता की आरती के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ : आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माताजी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा 25 वर्ष से आयोजन की परंपरा बरकरार रखने पर आयोजन के सहयोगियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी उपस्थितजनों से आयोजन में माताराती की भक्ति कर खुशहाली प्राप्त करने की अपील की।

रायपुर में शेफाली ....

बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवर में एक विकेट खोकर 104 रन बना लिए। इस जीत में शेफाली वर्मा की तूफानी बल्लेबाजी और स्मृति मंधाना की नाबाद पारी ने अहम भूमिका निभाई।

स्मृति मंधाना ने भी दिखाई आक्रामकता : कप्तान स्मृति मंधाना ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। स्मृति और शेफाली के बीच हुई तेज साझेदारी ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। अंत में अनुष्का शर्मा एक रन बनाकर नाबाद रहीं और भारत ने 67 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 102 रन पर रोका : इससे पहले टॉस जीतकर जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। जिम्बाब्वे की ओर से सी. मुगेरी-तिरिपानो ने 34 रन और कप्तान जे. न्कोमो ने नाबाद 27 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों में निकी प्रसाद ने दो विकेट लिए, जबकि नंदनी शर्मा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़ और श्री चरणी को एक-एक विकेट मिला। जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 102 रन ही बना सकी।

दिखा क्रिकेट प्रेमियों ...

दर्शकों को रोमांचित किया। स्टेडियम में बजते गानों पर क्रिकेट प्रेमी झूमते नजर आए। भारतीय टीम की शानदार जीत ने रायपुर में महिला क्रिकेट के इस मुकाबले को यादगार बना दिया।

शेफाली की ....

में छह चौके और चार छक्के शामिल रहे। उन्होंने शुरुआत से ही जिम्बाब्वे की गेंदबाजों पर दबाव बनाया और तेजी से रन बटोरे। शेफाली 96 रन के कुल स्कोर पर आउट हुईं, लेकिन तब तक भारत जीत के बेहद करीब पहुंच चुका था।

पेज एक के शेष

लड़कियों की दर ...

का कुल आंकड़ा 46.8 प्रतिशत है, यानी राष्ट्रीय औसत से 0.4 प्रतिशत अंक कम। इस तरह राज्य की लड़कियों की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है, लेकिन लड़कों की दर राज्य के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित करती दिखाई देती है।

रिजिजू का बड़ा दावा...

जिसमें नेहा बोरा के बांग्लादेश के युवाओं को धन्यवाद देने वाले क्लिप के साथ प्रशांत भूषण के 'रिजीम चेंज' वाले बयान और जुलाई-अगस्त के प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के क्लिप शामिल हैं। गौरतलब है कि इससे पहले किरेन रिजिजू ने 15 अक्टूबर को भी एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने कहा था, 'लड़ाई की रेखा खिंच चुकी है। एक तरफ दिमागी नक्सली हैं और दूसरी तरफ देशभक्त भारतीय। एक तरफ भारत के संविधान में विश्वास रखने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ अराजकतावादी हैं।

कोडार बांध में मछली ...

की पत्रिका इंडिया जर्नल आफ फिशरीज के सितंबर के अंक में प्रकाशित हुई है। इसमें कोडार जलाशय की मछली विविधता, जल की भौतिक-रासायनिक स्थितियों, मत्स्य उत्पादन, प्रबंधन व्यवस्था और स्थानीय आजीविका में मत्स्याखेट की भूमिका का आकलन किया गया है। कोडार जलाशय का यह अध्ययन ग्रामीण आजीविका और जल संसाधन प्रबंधन के बीच संबंध को रेखांकित करता है। हालांकि, मत्स्याखेट से परिवारों की आय में लगभग 40 प्रतिशत योगदान का निष्कर्ष अध्ययन में शामिल परिवारों और शोध की पद्धति के संदर्भ में समझा जाना चाहिए। इसे जलाशय के आसपास के हर ग्रामीण परिवार पर लागू नहीं किया जा सकता। इसी तरह, मछली प्रजातियों की संख्या और उत्पादन के निष्कर्षों से समय के साथ जैव विविधता में वृद्धि या गिरावट का दावा करने के लिए अलग-अलग वर्षों के तुलनीय आंकड़ों की जरूरत होगी।

बेरिकेड तोड़ मंदिर ....

से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 125 साल पुराने शीतला माता मंदिर के बाहर हुआ। नवरात्र की पूजा के लिए वहां हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। पुलिस के कार्यवाहक महानिरीक्षक असीत यादव ने बताया कि ट्रक की टक्कर से मंदिर की बाईं ओर की दीवार ढह गई।

हरिभूमि-आईएनएच कृषि ....

इंटरप्राजेस के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी सहित सभी आयोजन कंपनियों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे।

बीएसपी को बेचने ....

सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इन दावों का खंडन किया है। साथ ही, प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई ने भी इन खबरों को झूठा और निराधार बताया है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कर्मचारियों, हितधारकों तथा छत्तीसगढ़ की जनता से अपील की है कि वे ऐसी अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे प्रसारित करें। सभी से अनुरोध है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले आधिकारिक एवं प्रमाणित स्रोतों से उसकी पुष्टि अवश्य करें। भिलाई इस्पात संयंत्र केवल एक औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की पहचान, गौरव और औद्योगिक विरासत का अभिन्न अंग है। अपनी स्थापना के बाद से ही संयंत्र ने राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने रोजगार के अवसर सृजित किए हैं, सहायक उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है तथा हजारों परिवारों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसकी गौरवशाली विरासत और उल्लेखनीय योगदान ने इसे छत्तीसगढ़ की जनता के गौरव का प्रतीक बनाया है।

पहली बार थर्मल ....

पर नजर रखी जा सकती है। इससे जंगल में हाथियों की मौजूदगी और उनके मूवमेंट की जानकारी जुटाने में वन अमले को मदद मिल रही है। उप निदेशक वरुण जैन ने थर्मल ड्रोन कैमरे से रिकॉर्ड किया गया वीडियो जारी किया है। इसमें 32 हाथियों का दल दिखाई दे रहा है। हाथियों की एक साथ मौजूदगी ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था को और सक्रिय कर दिया है।

सैन्य अधिकारी की पत्नी ने चीनी जासूसों को दीं संवेदनशील जानकारियां, मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के समन्वय से एक बड़े रक्षा जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है।भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी पर विदेशी खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से चीन के जासूसों को संवेदनशील और रणनीतिक जानकारियां साझा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। चीनी जासूसों ने सोशल मीडिया पर खुद को बड़े प्रोफेसर और शिक्षाविद बताकर महिला को अपने जाल में फंसाया था।

सेना अधिकारी की पत्नी तेलंगाना निवासी

पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला तेलंगाना की मूल निवासी है और वर्तमान में जम्मू के गांधी नगर इलाके में रहती हैं। उनके खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 की धारा 3 और 5 के साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। चीनी जासूसों ने उनसे एनक्रिप्टेड चैटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के जरिए बदले हुए नामों से संपर्क किया था।

शोध लेख के नाम पर निकलवाई जानकारियां

खुफिया एजेंसियों की प्रारंभिक जांच में चीनी जासूसों की सोची-समझी कार्यप्रणाली का खुलासा हुआ है। चीनी ऑपरेटर्स ने खुद को अकादमिक स्कॉलर बताते हुए महिला से संपर्क किया और उसे रणनीतिक महत्व के विषयों पर शोध-लेख लिखने के लिए कहा। शुरुआत में महिला से केवल पर्यावरण और वैश्विक भू-राजनीति पर लेख लिखवाए गए। भरोसा कायम होने पर जासूसों ने उसे धीरे-धीरे भारतीय रक्षा और सैन्य ऑपरेशन्स से जुड़े मुद्दों पर लिखने के लिए मजबूर किया।

संवेदनशील डाटा लीक होने का शक

खुफिया जानकारी के अनुसार, महिला पर आरोप है कि उसने अनजाने या जानबूझकर सैन्य प्रतिष्ठानों की तस्वीरें, गोपनीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डाटा विदेशी जासूसों के साथ साझा किए हैं, जिससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

क्या कहती हैं कानूनी धाराएं?

ओएसए की धारा 3 राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ जाकर खुफिया जानकारी भेजने से संबंधित है। धारा 5 प्रतिबंधित सरकारी और सैन्य दस्तावेजों के स्थानांतरण से जुड़ी है। बीएनएस की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों के लिए लागू होती है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला चीनी जासूसों के संपर्क में कैसे आई और अब तक कितना रणनीतिक डाटा देश से बाहर भेजा जा चुका है।

मेघालय में आठ यूडीपी विधायकों के भाजपा में विलय को मिली मान्यता

एजेंसी ▶▶| शिलांग

मेघालय में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के आठ विधायकों के भाजपा में विलय को मान्यता मिल गई है। यह मान्यता विधानसभा के अध्यक्ष थामस ए. संगमा ने दी। इसके साथ ही 60 सदस्यीय सदन में भाजपा विधायकों की संख्या बढ़कर अब 10 हो गई है। इस घटनाक्रम के बाद यूडीपी के विधायकों की संख्या घटकर चार रह गई। यूडीपी और भाजपा दोनों ही एनपीपी के नेतृत्व वाले सत्ताधारी 'मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस' का हिस्सा हैं।

इन विधायकों ने थामा भाजपा का दामन : विस सचिवालय ने अधिसूचना की जारी संबंधित आठ विधायकों में लखमेन रिम्बुई, पियस मारवेन, किरमेन श्यल्ला, मायरालबार्न सिएम, मैथ्यू बियान्डस्टार कुर्बाह, ओलन सिंह सुइन, बालाजीद कुपार सिनरेम और सिनशर कुपार राय लिंगदोह थाबाह शामिल हैं। इन आठ विधायकों ने 23 सितंबर को नई दिल्ली में भाजपा का दामन थामा था और दो दिन बाद मेघालय विधानसभा को अपने विलय के बारे में सूचित करते हुए एक पत्र सौंपा।

विस सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

संगमा ने 13 अक्टूबर को कहा था कि इस मामले में विचार किया जा रहा है। कोई फैसला लेने से पहले वह कानूनी राय का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद शुक्रवार को उन्होंने एक आदेश के जरिये विलय को मान्यता दी, जिसे विधानसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, इस विलय को संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा-4 के तहत मान्यता दी गई थी। यह प्रविधान उन मामलों में दल-बदल के आधार पर अयोग्य ठहराए जाने से छूट देता है, जहां विलय निर्धारित शर्तों को पूरा करता हो।

नाबालिग लड़कों के यौन शोषण में पादरी गिरफ्तार

मंगलुरु। मैसुरु स्थित एक गैर-सरकारी संगठन के हस्तक्षेप के बाद मंगलुरु में एक चर्च से जुड़े पादरी को नाबालिग लड़कों के यौन शोषण के आरोप में शहर की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फादर साइप्रियन पिंटो के रूप में हुई है। वह 1988 से सेवा में है और मंगलुरु के वालेंसिया स्थित सेंट विंसेंट फेरर चर्च से जुड़ा था। पुलिस ने बताया कि उसे रविवार को एक रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया। जांचकर्ताओं के अनुसार, गैर-सरकारी संगठन 'ओडानाडी' इस मामले को सीधे मंगलुरु के पुलिस आयुक्त के संज्ञान में लाया था।

वाराणसी की रामलीला में बेकाबू हुआ हाथी महावत को पटका

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर में प्रसिद्ध रामलीला के लिए लाया गया एक हाथी रविवार को अचानक बेकाबू हो गया और उसने अपने महावत को सूंड से उठाकर पटक दिया। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल महावत को उपचार के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला में पारंपरिक रूप से हाथी का इस्तेमाल किया जाता है। थाना प्रभारी मिश्रा उन्होंने बताया कि रामनगर के पंचवटी मैदान में रविवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे महावत छापलू हाथी को खाना देने गया तभी यह घटना हुई।

न्यायालय तहसीलदार कुण्डा,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)
सूचना नोटिस
र.प्र.क्र. .....वर्ष 2022 - 2023
आवेदक- रामकुमार गुप्ता आ. ओंकार प्रसाद गुप्ता, जाति बानी, निवासी -ग्राम सैहामालगी, तहसील कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार गुप्ता आ. ओंकार प्रसाद गुप्ता, जाति बानी साकिन गुप्ता पारा कवर्धा तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा ग्राम सैहामालगी प.ह.नं. 22 तहसील कुण्डा में आवेदक के नाम पर स्थित कृषि भूमि ख.नं. 578/3 रकबा 0.445 हे. दर्ज है। आवेदक के उक्त भूमि के रकबा 0.142 हे. पर अनावेदक केशव आ. शिवकुमार जाति सतनामी, साकिन कोयलारीकला, तहसील कुण्डा, जिला कबीरधाम द्वारा जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। अतः उक्त भूमि से अनावेदक किये कब्जा से बेदखल कर आवेदक को कब्जा दिलाये जाने संबंधी आवेदन पत्र के सीमांकन प्रतिवेदन की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं वर्तमान बी1, खसरा, तलवाना एवं वकालतनामा सहित अधिवक्ता श्री डी. के. चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत किया गया है।
उक्त प्रकरण में पक्षकार केशव पिता शिवकुमार जाति सतनामी, निवासी ग्राम कोयलारीकला की उपस्थिति हेतु पेशी तिथि 23.10.2026 को नियत किया गया है। अतः आप उक्त पेशी तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 28.09.2026 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 28.09.2026
पेशी दिनांक 23.10.2026
मुहर तहसीलदार
कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)
(पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग)
//विज्ञप्ति //
दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, बिलासपुर में विभिन्न विभागों के लिये टीचिंग एसोसिएट शिक्षकों के चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक 29 अक्टूबर 2026 में आयोजित किये जावेगें। विस्तृत जानकारी वेब साईट www.dsvckv.ac.in पर उपलब्ध है।
अधिष्ठाता
पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
संख्या–P-HQ/GAZ/CIVIL/164797/1002. दिनांक : 06.10.2026
// अधिसूचना //
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (South East Central Railway) द्वारा नियत मासिक पारिश्रमिक पर अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता (सिविल इंजीनियरिंग)/Consultant (Civil Engineering) के रूप में पुनर्नियोजन हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्रता, आयु, अनुभव, कार्य की संदर्भ शर्तें (Terms of Reference of the work) एवं अन्य नियम व शर्तों, आदि के पूर्ण विवरण के लिए कृपया नीचे दिए गए पथ (Path) पर SECR की आधिकारिक वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in/ पर जाएं:–
Recruitment/News/Press release - Recruitment - Headquarters - Gazetted Section
सहायक कार्मिक अधिकारी/राज., कृते प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
सीपीआर/10/448 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

राशिफल

मेष — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 संपन्न



नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 15 अक्टूबर को ब्रिटेन के प्लायमाउथ के निकट संपन्न हुआ। यह अभ्यास 8 से 15 अक्टूबर, तक आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने विभिन्न पेशेवर व परिचालन क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अभ्यास किया। इस अभ्यास के माध्यम से दोनों नौसेनाओं को आपसी तालमेल बढ़ाने, अनुभव साझा करने और समुद्री सहयोग को मजबूत करने का अवसर मिला।

प्रदर्शनकारियों पर हमले के मामले में पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट किए जाने के मामले में कम से कम 10 प्राथमिकी दर्ज की हैं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में आरोप लगाया गया है कि दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों पर कथित हमलों से जुड़े वीडियो और पोस्ट प्रसारित होने के बाद 11 से 14 अक्टूबर के बीच कनॉट प्लेस और कमला मार्केट थानों में ये मामले दर्ज किए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो अलग-अलग मामलों में कम से कम पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया हैंडल के जरिए सामने आई एक घटना के संबंध में 13 अक्टूबर को कनॉट प्लेस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

बृज मोहन राम ने ओडिशा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृज मोहन राम ने रविवार को यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में ओडिशा के 28वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हरीश टंडन ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी, राज्य के मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में राम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। झारखंड के पलामू से तीन बार लोकसभा सदस्य रह चुके राम ने हरि बाबू कंभमपति का स्थान लिया है, जिन्होंने तीन जनवरी 2025 को राज्यपाल का पदभार संभाला था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 अक्टूबर को पलामू के मूल निवासी राम को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया था। राम शनिवार को अपने परिवार के साथ ओडिशा पहुंचे थे।

शब्द पहेली - 6382



बाएँ से दाए-
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

शब्द पहेली -6381 का हल

का		बु	आ		द		स	खत		मु
र	क		कु	क	र	मु	त्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				दे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
व	लि		क	हा	नी	का	र		छ	बि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल

सूडोकु नवताल - 6392

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6391 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

खबर संक्षेप

क्रॉम्पटन ग्रीव्स के लाभ में 65 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली। पंखे, बल्ब, गीजर जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 65 प्रतिशत बढ़कर 124.39 करोड़ रुपये रहा। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 75.42 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय जुलाई-सितंबर तिमाही में 18.15 प्रतिशत बढ़कर 2,263.29 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,915.57 करोड़ रुपये थी। क्रॉम्पटन ग्रीव्स ने बयान में कह कि आय में वृद्धि सामान्य कारोबार में दहाई अंक की बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री के बल पर हुई।

डीपी वर्ल्ड भारत में पांच अरब डॉलर निवेश के लिए तैयार



नई दिल्ली। प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी डीपी वर्ल्ड भारत में तीन से पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश करने को तैयार है। कंपनी के समूह मुख्य कार्यकारी युवराज नारायण ने कहा कि देश की व्यापार क्षमता का पूरा लाभ उठाने के लिए बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास और परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नए सिरे से विचार करने को मजबूर कर रहे हैं। नारायण ने कहा कि कंपनी का प्रस्तावित अतिरिक्त निवेश किसी निश्चित समय-सारणी से बंधा नहीं है और यह परियोजनाओं के लिए बोलियों के नतीजों पर निर्भर करेगा।

अमेरिका में 'बचत' का बड़ा संकट, 53% के पास 3 महीने का इमरजेंसी फंड नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी कमाई होने के बावजूद अगर अचानक नौकरी चली जाए या कोई बड़ा खर्च सामने आ जाए, तो आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका में भी बड़ी संख्या में लोग ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं। पियू रिसर्च सेंटर के एक सर्वे के मुताबिक, अमेरिका के 53 फीसदी वयस्कों के पास इतनी बचत नहीं है कि वे बिना कमाई के तीन महीने तक अपने खर्च चला सकें। इससे पता चलता है कि वहां कई लोगों के लिए आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सर्वे में आमदनी के आधार पर लोगों की आर्थिक स्थिति में बड़ा अंतर दिखाई दिया। कम आय वाले लोगों में 77 फीसदी के पास तीन महीने का खर्च चलाने के लिए पर्याप्त इमरजेंसी बचत नहीं है। वहीं, मध्यम आय वर्ग के 52 फीसदी लोगों के पास भी ऐसा फंड नहीं है। इसके मुकाबले ज्यादा कमाई करने वाले लोगों की स्थिति बेहतर है। इस वर्ग के करीब 20 फीसदी लोगों ने बताया कि उनके पास तीन महीने तक के खर्च के लिए पर्याप्त बचत नहीं है। इन आंकड़ों से साफ है कि कम आमदनी वाले परिवारों के लिए अचानक आने वाले खर्च संभालना ज्यादा मुश्किल हो सकता है। इमरजेंसी फंड वह बचत होती है, जिसका इस्तेमाल नौकरी छूटने, बीमारी या अचानक बड़े खर्च की स्थिति में किया जा सकता है। विशेषज्ञ आमतौर पर कम से कम तीन से छह महीने के जरूरी खर्च के बराबर रकम अलग रखने की सलाह देते हैं।

कई लोगों के लिए आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी

हर महीने के बिल चुकाना भी मुश्किल

सर्वे में लोगों की रोजमर्रा की आर्थिक परेशानियां भी सामने आईं। करीब 27 फीसदी अमेरिकी वयस्कों ने बताया कि वे किसी सामान्य महीने में अपने कुछ बिल पूरे नहीं चुका पाते या उन्हें आंशिक भुगतान करना पड़ता है। इसके अलावा, 44 फीसदी लोगों को पिछले एक साल में कम से कम एक जरूरी खर्च उठाने में परेशानी हुई. इनमें इलाज, आने-जाने का खर्च, घर का किराया या होम लोन और खाने-पीने की चीजें शामिल हैं। कम आय वाले लोगों के लिए इन जरूरतों को पूरा करना विशेष रूप से कठिन रहा।



भविष्य के लिए बचत नहीं कर पा रहे लोग

सर्वे के अनुसार, 54 फीसदी अमेरिकी पिछले एक साल में भविष्य के लिए पैसे नहीं बचा पाए। वहीं, 70 फीसदी लोगों ने बाहर खाने, मनोरंजन और दूसरी गैर-जरूरी चीजों पर खर्च कम किया। ये आंकड़े बताते हैं कि अच्छी आर्थिक स्थिति वाले देश में भी कई परिवार अपनी जरूरतों और बचत के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

नियमों को अधिक सरल, प्रभावी और समयानुकूल बनाना है उद्देश्य

खनन नियमों में व्यापक बदलाव की तैयारी, नए सिरे से बनेगा कानून

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार खनन क्षेत्र से जुड़े नियमों को अधिक सरल, प्रभावी और समयानुकूल बनाने के उद्देश्य से खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन अधिनियम), 1957 (एमएमडीआर एक्ट) में व्यापक बदलाव करने पर विचार कर रही है। इसके तहत मौजूदा कानून को नए स्वरूप में ढालकर एक व्यापक और सुव्यवस्थित खनन कानून तैयार किया जा सकता है।

- 1957 एमएमडीआर एक्ट में व्यापक बदलाव पर विचार

इस पहल का उद्देश्य कारोबार सुगमता बढ़ाने के साथ जनजीवन को आसान बनाना भी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। खान मंत्रालय खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 का संचालन करता है। बदलती जरूरतों के अनुरूप इस कानून में समय-समय पर संशोधन किए जाते रहे हैं।

कानून देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा

हालांकि, खनन एवं खनिज क्षेत्र की मौजूदा आवश्यकताओं, प्रौद्योगिकी प्रगति और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अब इसे व्यापक रूप से नए सिरे से तैयार करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

खास बातें

- कारोबार सुगमता बढ़ाने के साथ जनजीवन आसान बनाना
- जरूरतों के अनुरूप कानून में समय-समय पर परिवर्तन किए जाते रहें



2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कानून की समीक्षा कर एक व्यापक और सरल नया कानून बनाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित नए कानून का मसौदा तैयार करने के लिए खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की जाएगी।

समिति कानून की संपूर्ण समीक्षा करेगी

यह समिति मौजूदा अधिनियम की संपूर्ण समीक्षा करेगी। साथ ही, अन्य देशों में अपनाई जा रही बेहतर व्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रस्तावित विधेयक में शामिल करने की संभावनाओं पर विचार करेगी।समिति खनन क्षेत्र में भविष्य में होने वाले बदलावों और उभरती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधान भी सुझाएगी।

सूत्रों के अनुसार, खनन एवं खनिज क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, तकनीकी विकास की जरूरतों को पूरा करने और राष्ट्रीय रणनीतिक आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा, मौजूदा कानून की भाषा को सरल बनाने, संबंधित कानूनों के साथ उसके प्रावधानों में तालमेल स्थापित करने और संवैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव करने पर भी विचार किया जाएगा। नए विधेयक का मसौदा तैयार करने से पहले समिति विभिन्न हितधारकों से परामर्श करेगी। इसमें राज्य सरकारों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षों की जरूरतों और सुझावों को प्रस्तावित कानून में उचित स्थान मिल सके।

विकास के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है

खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन अधिनियम), 1957 देश में खानों और खनिजों के विकास तथा नियमन से संबंधित प्रमुख केंद्रीय कानून है। यह केंद्र सरकार को जनहित में खनन और खनिज विकास को नियंत्रित करने के साथ खनिज संसाधनों के संरक्षण तथा व्यवस्थित विकास के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। यह कानून प्रमुख खनिजों और सूक्ष्म खनिजों के नियमन में भी अंतर करता है।

केंद्र सरकार की भूमिका होती है महत्वपूर्ण

प्रमुख खनिजों के नियमन में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जबकि सूक्ष्म खनिजों का नियमन मुख्य रूप से राज्य सरकारें करती हैं। अधिनियम के तहत खनिज रियायतें मसलन संभाव्य लाइसेंस और खनन पट्टे राज्य सरकारों द्वारा जारी किए जाते हैं। इनके लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और नीलामी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। वहीं, केंद्र सरकार खनिजों पर रॉयल्टी की दर तय करती है।

भारत ने निविदा में चीनी से बने एथनॉल पर रोक लगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के लिए 2026-27 आपूर्ति वर्ष की ताजा खरीद निविदा में गन्ने के रस, चीनी की चाशनी और 'बी-हेवी शीरे' से बने एथनॉल को शामिल नहीं किया है। सरकार ने यह कदम घरेलू स्तर पर चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के देशव्यापी कार्यक्रम को जारी रखने के लिए उठाया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 16 अक्टूबर को पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की ओर से जारी निविदा में नवंबर से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए करीब 1,100 करोड़ लीटर एथनॉल की खरीद के लिए बोलियां मांगी हैं। इसका उद्देश्य पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने की जरूरत को पूरा करना है। निविदा में मक्के से बने एथनॉल पर प्रोत्साहन राशि भी घटाकर 68.86 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 71.86 रुपये प्रति लीटर थी। निविदा दस्तावेज में कहा गया, ''भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि 2026-27 एथनॉल आपूर्ति वर्ष के लिए एथनॉल उत्पादन में चीनी के इस्तेमाल को शून्य किया जाए।'' इसमें कहा गया, ''इस मात्रा आधारित खरीद निविदा में गन्ने के रस, चीनी या चीनी की चाशनी और बी-हेवी शीरे से उत्पादित एथनॉल के लिए बोलियां नहीं मांगी गई हैं।''इस पाबंदी से पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के कार्यक्रम के लिए कच्चे माल की खरीद की रणनीति में बदलाव होगा।

- पीएसयू कंपनियों ने वर्ष 2026-27 की आपूर्ति में मक्के पर प्रोत्साहन घटाया

कच्चे तेल के आयात को कम करने में मदद मिलेगी

इस कार्यक्रम में कच्चे तेल के आयात को कम करने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कटौती के लिए अनाज और गन्ने, दोनों से बने एथनॉल का इस्तेमाल किया जाता रहा है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, मक्का, टूटे चावल, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदे गए अधिशेष चावल और सी-हेवी शीरे से बने एथनॉल की आपूर्ति के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं।

मक्के के एथेनॉल पर प्रोत्साहन राशि 2.79 रुपए प्रति लीटर

मक्के से बने एथनॉल पर प्रोत्साहन राशि 5.79 रुपये से घटाकर 2.79 रुपये प्रति लीटर किए जाने से इस अनाज से एथनॉल बनाने वाली कंपनियों का मुनाफा घटने की आशंका है। वहीं, चीनी आधारित कच्चे माल को निविदा से बाहर किए जाने से वैकल्पिक कच्चे माल का महत्व बढ़ जाएगा। यह कदम घरेलू स्तर पर चीनी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है।

आभूषण कंपनियों की बिक्री मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रमुख सूचीबद्ध आभूषण कंपनियों ने सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 22 से 28 प्रतिशत तक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। कंपनियों के इस प्रदर्शन को उपभोक्ताओं की मजबूत मांग, मौजूदा दुकानों की बिक्री में बढ़ोतरी और ग्राहकों के अधिक खर्च से समर्थन मिला। हालांकि, इस साल त्योहारी सत्र के समय में बदलाव आया है। पी एन गाडगिल ज्वेलर्स, टाइटन, कल्याण ज्वेलर्स और पीसी ज्वेलर जैसी कंपनियों ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा है कि उनके तिमाही कारोबार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज हुई है। त्योहारों के समय में बदलाव के बावजूद सितंबर तिमाही में सोने और जड़ाऊ आभूषणों की मांग मजबूत बनी रही। कल्याण ज्वेलर्स ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में भारत में अपने कारोबार के राजस्व में करीब 27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मौजूदा दुकानों की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत बढ़ी।

जियो का आईपीओ व कच्चा तेल तय करेगा शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों, जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा पश्चिम एशिया के घटनाक्रम और रुपये-डॉलर की विनिमय दर पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। 'दशहरा' के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, "लगातार दो सप्ताह की बढ़त और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में मजबूत सुधार के बाद घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख बना है।

होंडा को घरेलू बिक्री 60 लाख इकाई रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 60 लाख इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू बाजार में भेजे गए 57.5 लाख वाहनों की तुलना में करीब 4.3 प्रतिशत अधिक होगा। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया देश की दूसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी है। ओतानी ने कहा, ''इस साल बाजार और होंडा की बिक्री दोनों काफी अच्छी रही हैं। नवरात्र शुरू होने के साथ बिक्री और अच्छी चल रही है। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए इस साल घरेलू बिक्री करीब 60 लाख इकाई रह सकती है।'' वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में होंडा की घरेलू दोपहिया वाहनों की आपूर्ति सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत बढ़कर 30.4 लाख इकाई हो गई। इस दौरान कंपनी की बाजार हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत रही। होंडा की कुल दोपहिया बिक्री में स्कूटर की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है। जापानी कंपनी लंबे समय से इस खंड में मजबूत रही है। वहीं, पूरे उद्योग में स्कूटर की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है और मोटरसाइकिलों की बिक्री अधिक है।

- आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष से 4.3 प्रतिशत अधिक

स्कूटर की मांग बढ़ रही

ओतानी ने कहा कि स्कूटर की मांग बढ़ रही है। यह दुनिया भर में हल्की मोटरसाइकिलों से स्कूटर की ओर बढ़ते रुझान के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि भारत में दोनों श्रेणियों की हिस्सेदारी इस बात पर निर्भर करेगी कि ग्राहक अपने वाहनों का इस्तेमाल किस तरह करते हैं।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, टेबलेट व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

भारत ने जिम्बाब्वे को 9 विकेट से दी मात, सीरीज पर किया कब्जा

53 गेंद में जीत गईं टीम इंडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय महिला टीम ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (55 रन, 25 गेंद) और कप्तान स्मृति मंधाना (नाबाद 47 रन, 25 गेंद) की पारियों से रविवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8.5 ओवर में 9 विकेट से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

शेफाली और मंधाना ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से भारतीय टीम ने 67 गेंद रहते आसानी से 103 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया। इस तरह मंधाना ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली श्रृंखला में जीत से शुरुआत की। दूसरे टी-20 में प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली वर्मा रहीं।





निकी ने बनाया रिकॉर्ड, पहली दो गेंदों पर चटकाए दो विकेट

निकी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की पहली दो गेंदों पर दो विकेट चटकाए और हैट्रिक से चूक गईं। इसके बावजूद वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करियर की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाली दुनिया की पहली गेंदबाज बनीं (उन टीमों के बीच जो आईसीसी की फूल मेंबर नेशंस हैं)। निकी ने दो ओवर में सात रन देकर दो विकेट चटकाए, तो जिम्बाब्वे की महिला टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। बॉलिंग में डेब्यू करने वाली निकी प्रसाद निकी को 15वें ओवर में गेंदबाजी करने का मौका मिला, तो उन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की दिया। इससे पहले महिला क्रिकेट में ये कारनामा कोई भी नहीं कर सका था। निकी की घातक गेंदबाजी के चलते जिम्बाब्वे की टीम फिर बड़े स्कोर की तरफ नहीं जा सकी।

शेफाली-स्मृति की 9 बार अर्धशतकीय साझेदारी

इस मैच में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इन दोनों ने साल 2026 में अब तक 9 बार 50 से अधिक रनों की शानदार साझेदारी करके हॉन्ग कॉन्ग की जोड़ी यास्मीन दसवानी और नताशा माइल्स को पीछे छोड़ दिया है और इस मामले में दुनिया में पहले नंबर पर कब्जा जमा लिया है। हॉन्ग कॉन्ग की जोड़ी ने साल 2026 में 8 बार ऐसा किया था। खास बात यह है कि इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भी खुद स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की ही जोड़ी का नाम है, जिन्होंने साल 2024 में 7 बार यह कारनामा किया था।

हमारी गेंदबाज पूरी तरह से लय में थीं : मंधाना

मंधाना ने कहा, आज का दिन अच्छा रहा। आज हमारी गेंदबाज पूरी तरह से लय में थीं, जो पहले मैच के मुकाबले काफी बेहतर था। उन्होंने यॉर्कर, स्लोअर गेंदें और बाउंसर का बहुत अच्छे से इस्तेमाल किया। इसके अलावा स्पिनर्स दीप्ति शर्मा, श्रीचरणी और निकी प्रसाद ने भी आकर अपने-अपने ओवरों में शानदार गेंदबाजी की।

शेफाली ने स्मृति को पीछे छोड़ा

शेफाली वर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 25 गेंदों पर 55 रन की पारी खेली और इस दौरान 4 छक्के और 6 चौके लगाए। इस अर्धशतकीय पारी के साथ शेफाली ने स्मृति को पीछे छोड़ दिया और महिला टी20आई में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा 50 प्लस पारी खेलने वाली बैटर बन गईं। शैफाली ने साल 2026 में 9वीं बार टी20आई में 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया जबकि साल 2024 में स्मृति मंधाना ने ऐसा 7 बार किया था। शेफाली अब पहले नंबर पर आ गईं जबकि मंधाना दूसरे नंबर पर चली गईं।

स्कोर बोर्ड

जिम्बाब्वे	रन	गेंद	4	6
केलिस नधलोतु बो नंदनी शर्मा	00	11	0	0
बिलस का हरमनप्रीत बो दीप्ति	07	13	0	0
चिपो रिरिपानो का घोष बो प्रसाद	34	32	5	0
शारने मेयर्स का दीप्ति बो गौड़	09	10	2	0
जोसेफीन अंकोमो नाबाद	27	35	2	0
नयाशा पगवाधा बो प्रसाद	00	1	0	0
मोडेस्टर सुपाधिकवा रन आउट	09	11	1	0
मिशेल का प्रसाद बो चरणी	04	4	1	0
फ्रांसिस्का चिपारे रन आउट	00	3	0	0

अतिरिक्त : 12 कुल : 20 ओवर में 102/8 रन

गेंदबाजी : क्रांति गौड़ 4-0-15-1, नंदनी शर्मा 3-0-17-1, दीप्ति शर्मा 3-0-13-1, अरुंधति रेड्डी 3-0-17-.0, श्री चरणी 4-0-21-1, शेफाली वर्मा 1-0-7-0, निकी प्रसाद 2-0-7-2.

भारतीय	रन	गेंद	4	6
शेफाली वर्मा का माकुशा बो बिजा	55	25	6	4
स्मृति मंधाना नाबाद	47	25	6	2
अनूष्का शर्मा नाबाद	01	4	0	0

अतिरिक्त : 01 कुल : 8.5 ओवर में 104/1 रन

गेंदबाजी : नयाशा त्वानजुरा 3-0-42-0, टेंडई माकुशा 2-0-19-0, मिशेल मावुंगा 1-0-15-0, ओलिंडर चारे, 5-0-19-0, बिलस बिजा 1-0-9-1.

शेफाली-स्मृति ने रचा इतिहास

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में ओपनर शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने एक बार फिर से अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाते हुए इतिहास रच दिया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ऐसा कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है, जो आज तक दुनिया की कोई भी अन्य जोड़ी नहीं कर पाई है। इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर एक ही कैलेंडर ईयर के दौरान टी20 में 1000 से अधिक रन की साझेदारी की है। इस मुकाम को हासिल करके इन्होंने यह साबित कर दिया है कि मौजूदा समय में महिला क्रिकेट की दुनिया में इनसे बेहतर ओपनिंग जोड़ी और कोई नहीं है।



शंघाई मास्टर्स के चैंपियन बने फोकिना

एजेंसी ⏭ शंघाई

एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने अपने ही देश के राफेल जोडार को हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।27 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी फोकिना एक समय 1-6, 2-3 से पीछे चल रहे थे (एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे), लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 1-6, 7-6 (5), 6-4 से जीत दर्ज की।

किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरेना में मिली इस जीत के साथ ही उन्होंने अपनी पहली एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी हासिल की। फाइनल तक पहुंचने के सफर में फोकिना ने तीसरे राउंड में फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया था। इसके अलावा, उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ह्यूबर्ट हर्काज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव दोनों को हराया था। दो घंटे 28 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करके फोकिना ने अपनी तीसरी और अब तक की सबसे बड़ी एटीपी टूर ट्रॉफी जीती।

फोकिना ने जीते लगातार तीन खिताब

अपने करियर के शुरुआती पांच टूर-लेवल फाइनल हारने वाले फोकिना ने अब लगातार तीन खिताब जीत लिए हैं। इससे पहले इस साल उन्होंने मलोरका और चेंगदू में भी जीत हासिल की थी। 2022 में मोंटे कार्लो में वह अपने पिछले मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप फाइनल में हार गए थे। दोनों खिलाड़ी अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश कर रहे थे। जोडार मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल मैच में खेल रहे थे, जबकि फोकिना का यह दूसरा मास्टर्स 1000 फाइनल था (इससे पहले वे 2022 में मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे)।

मिली 1,151,380 डॉलर की इनामी राशि

मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने के बाद, फोकिना शंघाई से एक बड़ी इनामी राशि लेकर लौटेंगे। विजेता को 1,151,380 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली, जबकि उपविजेता को 612,340 अमेरिकी डॉलर मिली। अब वह लगातार 10 मैच जीतने के शानदार फॉर्म के साथ यूरोपीय इनडोर सीजन में उतरेंगे।

मिडलर और ओबरलीटनर ने जीता डबल्स का खिताब



ऑस्ट्रियाई जोड़ी लुकास मिडलर/नील ओबरलीट्नर ने रविवार को फ्रांसिस्को कैबाल और जेजे ट्रेसी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स डबल्स का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रिया की इस जोड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बगैर कोई सेट गंवाए सभी पांच मैच अपने नाम किए। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरीना में खेले गए इस मुकाबले में, मिडलर और ओबरलीट्नर ने 66 मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने हर सेट में एक-एक बार अपने विरोधियों की सर्विस ब्रेक की। इसके अलावा, मिडलर और ओबरलीट्नर मास्टर्स 1000 सीरीज (जो 1990 में शुरू हुई थी) में खिताब जीतने वाली पहली पूरी तरह से ऑस्ट्रियाई जोड़ी बन गई है। शंघाई में मिली यह सफलता उनके साथ खेले गए केवल दूसरे टूर्नामेंट में ही हासिल हुई। फाइनल मैच में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों की सर्विस भी बहुत असरदार रही; उन्होंने कैबाल और ट्रेसी को अपनी सर्विस तोड़ने का कोई मौका नहीं दिया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, मिडलर और ओबरलीट्नर ने अपनी पहली सर्विस पर 96 प्रतिशत अंक जीते। पुर्तगाली-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ अपने पहले एटीपी हेड-टू-हेड मुकाबले में, उन्हें एक बार भी 'ब्रेक प्वाइंट' का सामना नहीं करना पड़ा।

खबर संक्षेप

मलेशिया जूनियर स्क्वाशः सुब्रमणि ने जीता अंडर-17 का खिताब



कुआलालंपुर। भारत के लोकेश सुब्रमणि ने फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी मुहम्मद इफ्वात जुल्किफ्ली को सीधे गेम में हराकर मलेशिया स्क्वाश जूनियर ओपन में लड़कों के अंडर-17 वर्ग का खिताब जीत लिया। दूसरे वरीय लोकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-2, 11-8 से शिकस्त दी। भारत की आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दिव्यांशी जैन (लड़कियों के अंडर-13 वर्ग), अविशा अग्रवाल (लड़कियों के अंडर-11 वर्ग) और श्रविन जैन (लड़कों के अंडर-19 वर्ग) ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

डीपी वर्ल्ड इंडिया के चैंपियन बने चाकारा



नई दिल्ली। स्पेन के गोल्फर यूजीनियो चाकारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को दो शॉट के अंतर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय खिलाड़ियों में अनिर्बान लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे। चाकारा के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा। खराब मौसम से प्रभावित इस टूर्नामेंट के अंतिम दिन उन्होंने 25 होल खेले। उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और इस सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतकर रेस टू दुबई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर 21 अंडर 267 के साथ खिताब अपने नाम किया।

लामिन यमाल का दमदार प्रदर्शन बार्सिलोना का विजय अभियान जारी

बार्सिलोना। लामिन यमाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियाल बेटिस को 5-2 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। इस जीत से बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले अपना आत्मविश्वास भी बढ़ाया। पीएसजी ने भी फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग में स्ट्रासबर्ग को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि इंग्लिश प्रीमियर लीग में दबाव का सामना कर रहे मैनचेस्टर सिटी ने अपना विजय अभियान जारी रखा।यमाल ने मुकाबले में सबसे शानदार गोलों में से एक दागा। हालांकि, बाद में विपक्षी खिलाड़ी से भिड़ंत के कारण उन्हें पीला कार्ड दिखाया गया।

मेस्सी का फिर चला जादू, दागे शानदार 2 गोल

एजेंसी ⏭ अटलांटा

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दो गोल और एक असिस्ट की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मुकाबले में अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हरा दिया।

- मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को हराया

मेस्सी ने दोनों गोल करने से पहले टीम के शुरुआती गोल का मौका भी बनाया। पहले हाफ के आखिरी क्षणों में जर्मन बेर्टेरामे ने मेस्सी और लुईस सुआरेज की मदद से गोल कर इंटर मियामी का खाता खोला। एमएलएस में अपने शुरुआती 26 मुकाबलों में बेर्टेरामे का यह नौवां गोल था। मेस्सी ने इसके बाद 56वें और 60वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त 3-0 कर दी। दोनों गोल में बेर्टेरामे ने मदद की अहम भूमिका रही, जबकि मेस्सी के दूसरे गोल में सुआरेज का भी योगदान रहा।



ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। नॉर्थ सिडनी ओवल के मैदान पर न्यूजीलैंड से मिले 163 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद बेथ मूनी और एलिसा पेरी ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 86 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। मूनी ने 25 गेंदों में 6 चौके की मदद से 38 रन बनाए। वहीं, पेरी ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 52 रनों की आतिशी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान पेरी ने 9 चौके लगाए। न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि रोजमेरी और कप्तान अमेलिया केर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।



बांग्लादेश टी20 टीम की नई कप्तान बनीं नाहिदा

ढाका। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर को बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की नई टी20 इंटरनेशनल कप्तान नियुक्त किया गया है। नाहिदा,विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना की जगह लेंगी, जिन्होंने एशियन गेम्स 2026 के बाद यह पद छोड़ दिया था। शोभना मोस्तरी को टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड महिला विंग के चेयरमैन रफीकुल इस्लाम ने कहा, हमने चयन पैनल के सदस्यों और अन्य लोगों के साथ चर्चा की और टी20 इंटरनेशनल कप्तानी नाहिदा को सौंपने का फैसला किया। शोभना मोस्तरी उनकी डिप्टी (उप-कप्तान) होंगी। उन्होंने कहा, नाहिदा काफी लंबे समय से उप-कप्तान रही हैं और अब हमें लगता है कि उन्हें हमारी टी20 इंटरनेशनल टीम की जिम्मेदारी सौंपने का सही समय आ गया है।



विश्व मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

एकता ने रचा इतिहास जीते तीन स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की एकता बिश्नोई ने अमेरिका में आयोजित विश्व मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब इस चैंपियनशिप के 'मास्टर्स-2' वर्ग में किसी भारतीय महिला पावरलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी एकता के लिए सरकारी जिम्मेदारियों के साथ खेल में सक्रिय रहना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। एकता के कोच सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने एकता को वैज्ञानिक और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण दिया था। प्रतियोगिता के लिए सुनील कुमार को अमेरिका का वीजा नहीं मिल सका। इसके बावजूद एकता ने वीडियो कॉल और टीम अधिकारी बिनु इब्राहिम के माध्यम से उनके मार्गदर्शन में अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया और ऐतिहासिक सफलता हासिल की। एकता ने कुल 362.5 किलोग्राम वजन उठाकर जापान और कनाडा की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन : अलेमु बनीं महिला चैंपियन

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कीनिया के चार्ल्स मटाटा ने नया कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु महिला वर्ग की चैंपियन बनीं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर इस प्रतिष्ठित दौड़ में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया।

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्क वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकंड के रिकॉर्ड को एक सेकंड से पीछे छोड़ दिया। यह मटाटा का हाफ मैराथन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। उन्होंने इसी साल मई में बनाए गए 59 मिनट 15 सेकंड के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ दिया।



नया रिकॉर्ड बनाने में मिली मदद

मटाटा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पूरी तैयारी के साथ दिल्ली आया था और अपनी फिटनेस भी बरकरार रखी थी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मैं 59 मिनट के अंदर दौड़ पूरी करूंगा, लेकिन मौसम अनुकूल रहने और 2023 में इस कोर्स पर दौड़ने के अनुभव से मुझे और बेहतर प्रदर्शन करने तथा नया कोर्स रिकॉर्ड बनाने में मदद मिली। मेरा मानना है कि इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है और मैं खुद को आगे भी बेहतर करने के लिए चुनौती देने को तैयार हूं।

विजेता को 27,000 डॉलर की पुरस्कार राशि

मटाटा का नया कोर्स रिकॉर्ड बनाना इसलिए भी खास रहा, क्योंकि दौड़ के दौरान करीब 90 प्रतिशत आर्द्रता और 21 डिग्री सेल्सियस तापमान लंबी दूरी की दौड़ के लिए अनुकूल नहीं था। वह इससे पहले 2023 के सत्र में एक घंटा पांच सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस उपलब्धि के लिए उन्हें विजेता की 27,000 डॉलर (करीब 25.64 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि के अलावा रिकॉर्ड तोड़ने पर 12,000 डॉलर (करीब 11.40 लाख रुपए) अतिरिक्त मिलेंगे।

अलेमु ने 1 घंटा 6 मिनट 35 सेकंड में दौड़ की पूरी



महिला एलीट वर्ग में इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु ने एक घंटा छह मिनट 35 सेकंड में दौड़ पूरी कर खिताब जीता। कीनिया की सेलाह बुसिनेई एक घंटा सात मिनट एक सेकंड के समय के साथ दूसरे और सिंथिया चेलंगाट चेपक्वोनी एक घंटा सात मिनट 32 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहीं। अलेमु ने कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। मैंने शुरुआत से ही मजबूत दौड़ लगाई और पूरी रेस के दौरान अपनी गति बनाए रखी। यह मेरी दूसरी अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन है और मैंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लगभग दो मिनट का सुधार किया है। इससे मुझे बहुत खुशी हुई है।'



पक्षियों को दूर भगाते हैं उल्लू के नकली मॉडल और शिकारी जानवरों की आवाज

ओ टा वा । विंड टर्बाइन पक्षियों के लिए खतरा बन रहे हैं, क्योंकि इनसे टकराने का खतरा होता है। ऐसे में शोधकर्ता ऐसे तरीकों की तलाश कर रहे हैं, जिनसे वन्यजीवों का टर्बाइन के ढांचे से संपर्क कम किया जा सके। इन तरीकों में ऐसे दृश्य संकेत शामिल हैं, जो शिकारी जानवरों जैसे दिखते हैं। साथ ही ऐसी ऑडियो रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया गया, जिनका मकसद पक्षियों को खतरे के प्रति आगाह करना है। साल 2019 में डोरे, डिकी और वॉकर की एक पायलट रिसर्च में जांचा कि क्या एक कृत्रिम उल्लू और शिकारी जानवरों या खतरे की आवाजों की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल करके कनाडा के नोवा स्कोटिया में स्थित एक विंड फार्म में पक्षियों को टर्बाइन के आसपास आने से रोका जा सकता है। इसका फील्डवर्क अगस्त और सितंबर 2016 में किया गया था।



रिसर्चर ने क्या पाया

शोधकर्ताओं ने पाया कि कंट्रोल साइट की तुलना में इन तरीकों का पक्षियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा। शोधकर्ताओं ने नोवा स्कोटिया में फिल्म और ऑडियो साधनों का परीक्षण किया। कैथरीन डोरे, स्कॉट डिकी और टोनी आर वॉकर ने 2019 में नोवा स्कॉटियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की कार्यवाही में कनाडा के नोवा स्कोटिया में विंड टर्बाइन सुविधाओं पर पक्षियों को दूर रखने वाले साधनों पर शोध प्रकाशित किया। शोधकर्ताओं ने दो तरह के साधनों का परीक्षण किया। दृश्य साधन के रूप में बर्ड-एक्स प्राउलर आउल का इस्तेमाल किया गया। यह उल्लू मॉडल था जिसके पंख हिलते थे और इसे टर्बाइन से 50 मीटर के दायरे में रखा गया। ऑडियो साधन के रूप में रेड-टेल्ड हॉक (बाज) की आवाज के साथ ओवनबर्ड और वाइट थ्रोटेड स्पैरो की चेतावनी भरी आवाजों को मिलाकर बजाया गया, ताकि देखा जा सके कि क्या ये चेतावनी संकेत पक्षियों की गतिविधियों पर असर डालते हैं।

आवाजों से नहीं रुकते पक्षी!

इन साधनों की मौजूदगी में पक्षियों की गतिविधियों की तुलना उनकी अनुपस्थिति में होने वाली गतिविधियों से की गई। यह तुलना इसलिए जरूरी थी क्योंकि पक्षी अपने आवास का इस्तेमाल कई अन्य कारणों से बदल सकते हैं, जिनका इन साधनों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह पायलट अध्ययन 22 अगस्त से 16 सितंबर 2016 के बीच हैलिफैक्स से 20 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित 5 टर्बाइन वाले एक विंड फार्म में किया गया था। शोधकर्ताओं ने चार तरह के परीक्षणों की तुलना की- एक उल्लू मॉडल, दूसरा- उल्लू मॉडल के साथ शिकारी जानवरों और चेतावनी भरी आवाजों का प्लेबैक। एक घूमता हुआ कंट्रोल टर्बाइन और चौथा स्थिर (न हिलने वाला) कंट्रोल टर्बाइन। इस शोध से यह पुष्टि नहीं हुई कि उल्लू के मॉडल या उनकी आवाज की रिकॉर्डिंग ने पक्षियों को उन इलाकों में आने से रोका, जहां टर्बाइन लगे थे।

दुनिया का सबसे बड़ा ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहा है। इसका नाम थ्वाइट्स ग्लेशियर है। यह पिछले अनुमान से दो गुना तेजी से पिघल रहा है। इस ग्लेशियर का आकार गुजरात या कर्नाटक के बराबर है, जो भारत से 12000 किमी दूर स्थित है।



तेजी से पिघल रहा दुनिया का सबसे बड़ा ग्लेशियर

पेरिस। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि आने वाली सदी में, इसके कारण वैश्विक समुद्र स्तर में उतनी बढ़ोतरी हो सकती है। इसका असर न सिर्फ छोटे-छोटे द्वीपीय देशों पर पड़ेगा, बल्कि भारत को भी बड़ा खतरा होगा। भारत के कई तटीय शहरों के निचले इलाके समुद्र में डूब सकते हैं। इसके अलावा जलस्तर बढ़ने से अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप पर भी असर देखने को मिलेगा।

ग्लेशियर विशेषज्ञों (ग्लेशियोलॉजिस्ट्स) की एक टीम के नए शोध से पता चला है कि पश्चिमी अंटार्कटिका में स्थित 'थ्वाइट्स ग्लेशियर' तेजी से अपना ठोस से द्रव (पानी) में बदल रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि गर्म समुद्री पानी इसके नीचे घुसकर इसके मुख्य हिस्से को पिघला रहा है। शोध में वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग की रफ्तार उम्मीद के मुताबिक नहीं भी बढ़ती है, तब भी इसके कारण समुद्र के जलस्तर में 1.2 इंच (30 मिमी) की बढ़ोतरी हो सकती है।

'नेचर कम्युनिकेशंस' जर्नल में प्रकाशित यह शोध उन सबूतों में एक और कड़ी जोड़ते हैं जो बताते हैं कि यह ग्लेशियर, जो दशकों से सिकुड़ रहा था, अब वैज्ञानिकों के अनुमान से भी कहीं ज्यादा तेजी से पिघल रहा है।

भारत से 12000 किमी दूर, गुजरात से बड़ा है आकार



पिघलने के बारे में 1980 के दशक में पता चला

1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला कि थ्वाइट्स ग्लेशियर तेजी से पिघल रहा है। तब से वे इस ग्लेशियर के पिघलने की प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, क्योंकि इसे लेकर चिंताएं लगातार बढ़ती गई हैं। इसके बहुत विशाल होने के कारण, अगर यह ग्लेशियर ढह जाता है, तो दुनिया भर में समुद्र का जलस्तर खतरनाक हद तक बढ़ सकता है। हालांकि, शोधकर्ताओं का मानना है कि ऐसा होने में अभी कई दशक, या शायद कुछ सदियां भी लग सकती हैं।

थ्वाइट्स ग्लेशियर पिघलने का असर क्या होगा : अध्ययन के अनुसार, साल 2100 तक थ्वाइट्स ग्लेशियर समुद्र के जलस्तर में 1.2 इंच (30 मिमी) तक की बढ़ोतरी कर सकता है—जो कि मौजूदा अनुमानों से दोगुना है। यह तब होगा, जब ग्लोबल वार्मिंग में कोई और बढ़ोतरी न भी हो।

पृथ्वी का सबसे बड़ा ग्लेशियर है थ्वाइट्स

'डूम्सडे ग्लेशियर' यानी 'प्रलय का ग्लेशियर' के नाम से मशहूर, थ्वाइट्स पृथ्वी का सबसे बड़ा ग्लेशियर है। यह लगभग 1,92,000 वर्ग किलोमीटर (74,130 वर्ग मील) के क्षेत्र में फैला हुआ है, जो लगभग गुजरात राज्य के आकार के बराबर है। यह पश्चिमी अंटार्कटिका के सुदूर इलाके में 'मैरी बर्ड लैंड' के 'वालग्रीन कोस्ट' पर स्थित है। यह विशाल 'वेस्ट अंटार्कटिक आइस शीट' का हिस्सा है, जिसमें अन्य ग्लेशियर भी शामिल हैं और जो थ्वाइट्स से 14 गुना बड़ा है। इस ग्लेशियर को पहली बार 1947 में मैप किया गया था। इसका नाम दिवंगत अमेरिकी ग्लेशियर विशेषज्ञ फ्रेडरिक टी. थ्वाइट्स के नाम पर रखा गया है, हालांकि वे कभी खुद वहां नहीं गए थे।

समुद्र में मिली 9000 साल पहले डूबी आदिवासियों की बस्ती

कैनबरा। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर पानी के नीचे मिले पत्थर के औजारों से एक्सपर्ट को अहम जानकारी मिली है। यह जगह 9,000 साल पहले समुद्र में डूब गई थी। कई एक्सपर्ट का मानना है कि यहां मिली वस्तुएं उससे भी ज्यादा पुरानी हो सकती हैं। ये खोज उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के मुरुजुगा में हुई हैं। शोधकर्ताओं को पानी के नीचे दो जगहों पर पत्थर की 21 चीजें मिली हैं। क्वाटरनरी साइंस रिव्यूज में छपी रिपोर्ट के अनुसार, जो जगहें आज समुद्र की सतह से 11 से 15 मीटर नीचे हैं, वे कभी मीठे पानी के झरनों, नदियों और पथरीली पहाड़ियों वाले इलाके का हिस्सा हुआ करती थीं। इस शोध से पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया की प्राचीन आदिवासी विरासत आज के समुद्र तट से कहीं आगे तक फैली हुई है। समुद्र में दूर जाने पर शायद और भी पुराने पुरातात्विक साक्ष्य मिल सकते हैं, जिनकी अभी खोज होनी बाकी है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com